WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक
# नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | मध्यप्रदेश 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | खेल/ बिजनेस

RNI NO - MPHIN/2020 /81503 जबलपुर, गुरूवार 25 दिसंबर 2025 , शुक्ल पक्ष पंचमी , विक्रम संवत -2082 , वर्ष -5 अंक - 145 पृष्ठ -08 मूल्य-4 रूपए जबलपुर, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

## आज बेबाक

पड़ौसी देश पाकिस्तान का दुःख कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। इंटरनेशनल बेइज्जती भिखारीस्तान के लिए रोजमर्रा की बात हो गई है। आर्थिक बदहाली का शिकार कंगालीस्तान के लिए दुबर पर दो आषाढ़ वाली कहावत उस समय चरितार्थ हो गई जब सऊदी अरब ने भीख मांगने के आरोप में छप्पन हजार पाकिस्तानियों को खदेड़ दिया। सऊदी अरब और यूएई ने शाहबाज शरीफ को चेतावनी दी है कि वे अपने भिखारियों पर लगाम लगाएं जो कहीं भी यह गाते हुए घुस जाते हैं कि - इंटरनेशनल फकीर आए हैं दे दाता के नाम तुझको अल्लाह रखे...।

## ताइवान में 6.1 तीव्रता का भूकंप, चीन फिलीपींस और जापान तक झटके

ताइपे।(ए.)। ताइवान के दक्षिण-पूर्वी इलाके में बुधवार शाम करीब 5:47 बजे 6.1 तीव्रता का भूकंप आया है। किसी नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं आई है। इसके झटके चीन, फिलीपींस और जापान तक महसूस किए गए। सेंट्रल वेदर एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, भूकंप का केंद्र ताइतुंग काउंटी हॉल से 10.1 किलोमीटर उत्तर में था और इसकी गहराई 11.9 किलोमीटर थी। ताइवान में भूकंप की तीव्रता को 1 से 7 के स्केल पर मापा जाता है। ताइतुंग काउंटी में तीव्रता स्तर 5 दर्ज किया गया, जबकि हुलिएन और पिंगतुंग काउंटी में स्तर 4 महसूस किया गया।

# अटल जी ने लोक कल्याण एवं राष्ट्र निर्माण में अद्वितीय योगदान दिया: सीएम यादव

### सीएम ने अटल जी की स्मृति में आयोजित कवि सम्मेलन हमारे अटल प्यारे अटल का किया शुभारंभ

### प्रख्यात कवि बलवीर सिंह करुण व डॉ. कीर्ति काले को अटल सम्मान से किया विभूषित

**भोपाल/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्वालियर की ऐतिहासिक धरती पर 20वी शताब्दी में अटल जी के रूप में जन्मे विराट व्यक्तित्व ने लोक कल्याण एवं राष्ट्र निर्माण में अद्वितीय योगदान दिया। साथ ही लोकतंत्र को नई दिशा दी। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गाँव-गाँव में विकास का कारवां पहुँच रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अटल जी की पावन स्मृति में ग्वालियर में आयोजित हुए अखिल भारतीय कवि सम्मेलन ÷हमारे अटल प्यारे अटल÷ का शुभारंभ कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने देश के प्रख्यात कवि श्री बलवीर सिंह करुण अलवर को वर्ष 2024 एवं प्रख्यात कवियत्री डॉ. कीर्ति काले को वर्ष 2025 के ÷कवि अटल सम्मान÷ से विभूषित किया। अटल सम्मान के रूप में दोनों विभूतियों को एक ङ्क एक लाख रुपए की राशि, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल-श्रीफल सौंपकर सम्मानित किया गया। बुधवार 24 दिसम्बर की सांध्य बेला में राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में आयोजित हुए इस आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, पूर्व मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया, पूर्व सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, नगर निगम सभापति श्री मनोज तोमर तथा प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं प्रमुख सचिव उद्योग श्री राघवेन्द्र सिंह, संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री, पुलिस महानिरीक्षक श्री अरविंद कुमार सक्सेना, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतरत्न अटलजी का स्मरण करते हुए कहा कि वे राजनीति के अजातशस्त्रु थे। उनमें विचारों की दृढ़ता भी अद्वितीय थी। अटल जी ने अपने दृढ़ संकल्प के फलस्वरूप ही पोखरण परमाणु विस्फोट कर सारी दुनिया को अचंभित कर भारत का मान बढ़ाया था। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों को सही मायने में अपनाया था। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र को चेताया

## 'स्वच्छ हवा उपलब्ध कराना आपकी जिम्मेदारी'

**नई दिल्ली/वार्ता।** वायु प्रदूषण की वजह से दिल्ली पिछले काफी समय से गैस चैंबर में तब्दील है। ऐसे में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता की सरकार के साथ ही केंद्र सरकार भी इस मामले को लेकर कटघरे में है। दिल्ली हाईकोर्ट ने भी आज एक मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को चेताया है कि बिगड़ते वायु प्रदूषण के बीच नागरिकों को स्वच्छ हवा उपलब्ध कराना आपकी न्यूनतम जिम्मेदारी है। दिल्ली हाईकोर्ट एयर प्यूरीफायर को चिकित्सका उपकरण घोषित करने और जीएसटी से छूट देने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने कहा कि अधिक वायु प्रदूषण वाले शहर में एयर प्यूरीफायर को बिलासिता की वस्तु नहीं मानी जा सकती। कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ हवा का अधिकार है। पीठ ने कहा कि एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी कम न करने का कोई कारण नजर नहीं आता।

**दिल्ली हाईकोर्ट ने एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी कम करने की याचिका पर की सुनवाई**

## साहित्यिक जगत के स्तंभ शुक्ल पंचतत्व में विलीन

■ राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, सीएम साय ने दिया कंधा

**रायपुर /नवप्रदेश ।** हिंदी की साहित्यिक परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाने वाले प्रसिद्ध कवि, कथाकार और उपन्यासकार विनोद कुमार शुक्ल का बुधवार को यहां मारवाड़ी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' और राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। अंतिम संस्कार के दौरान उनके पुत्र शाश्वत शुक्ल ने उन्हें मुखाग्नि दी। उल्लेखनीय है कि शुक्ल का मंगलवार शाम 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया था, जिससे हिंदी साहित्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उनके निवास पहुंचकर पार्थिव शरीर को कंधा दिया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी अंतिम यात्रा में प्रख्यात कवि कुमार विश्वास सहित देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## सीएम यादव ने लिया अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट की तैयारियों का जायजा

### अटल जी को विनम्र श्रद्धांजलि व आदरांजलि स्वरूप हो रही है यह अद्भुत समिट

### पूरी भव्यता के साथ समिट आयोजित करने के लिये दिए दिशा-निर्देश

**भोपाल/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर के मेला मैदान पहुँचकर ÷अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट-2025÷ की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया है। अटल जी को विनम्र श्रद्धांजलि एवं आदरांजलि स्वरूप केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की मौजूदगी में ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर में ÷अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट÷ के रूप में अद्भुत आयोजन होने जा रहा है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## केंद्र सरकार ने दिल्ली मेट्रो के लिए 12015 करोड़ रुपये आवंटित किए

**नई दिल्ली(वार्ता)।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की लाइफलाइन कही जाने वाली दिल्ली मेट्रो के विस्तार को लेकर केंद्र सरकार ने आज एक बड़ा और अहम फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में दिल्ली मेट्रो फेज-5 के विस्तार प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस परियोजना के लिए ?12,015 करोड़ के भारी-भरकम बजट को हरी झंडी दिखाई गई है, जो दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा।

### हार्दिक खेल रत्न पुरस्कार के लिए नामित

## दिव्या, तेजस्विन और मेहुली अर्जुन अवॉर्ड की दौड़ में

**नई दिल्ली(वार्ता)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह को इस वर्ष के मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चयन समिति ने एकमात्र नामित किया है। वहीं, युवा शतरंज स्टार दिव्या देशमुख और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाले डेकैथलीट तेजस्विन शंकर सहित 24 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया है। योगासन खिलाड़ी आरती अर्जुन अवॉर्ड की दौड़ में

27 वर्षीय हार्दिक सिंह भारतीय हॉकी टीम के मिडफील्ड के प्रमुख स्तंभ रहे हैं। वह 2021 टोक्यो और 2024 पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे। इसके अलावा, उन्होंने इस वर्ष एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष में महामना पं. मदनमोहन मालवीय ने राष्ट्र को दी दिशा : सीएम यादव

**भोपाल/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत की आजादी के कालखंड में राष्ट्र एवं समाज की जड़ों से जुड़ने के लिए पं. मदनमोहन मालवीय द्वारा किए गए कार्य अद्भुत हैं। उन्हें महामना की उपाधि मिली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को भिण्ड जिले के ग्राम टोला (रावतपुरा सरकार) में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेशाध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महामना पं. मालवीय ने अंग्रेजों के विरुद्ध लंबे संघर्ष में राष्ट्र को एक दिशा प्रदान की। महामना ने राष्ट्र के उत्थान के लिए गंगा के किनारे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### दिल्ली-ढाका में बढ़ी तल्खी

### चरमपंथी तत्व भारतीय दूतावासों और परिसरों को निशाना बना रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय

# भारत ने बांग्लादेश के हाई कमिश्नर को दोबारा किया तलब

**नई दिल्ली/वार्ता।** भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। भारत सरकार ने एक सप्ताह में दूसरी बार बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह को तलब किया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब कुछ घंटों पहले ही ढाका ने भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर भारत में बांग्लादेशी मिशनों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। इससे पहले हुई बैठक में भारत ने बांग्लादेश में स्थित अपने राजनयिक मिशनों के आसपास बिगड़ती सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया था। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि कुछ चरमपंथी तत्व भारतीय दूतावासों और परिसरों को निशाना बना रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह भारत के मिशनों और अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। मंत्रालय ने यह भी बताया कि ढाका में भारतीय मिशन के आसपास सुरक्षा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### शांतिपूर्ण चुनावों का पक्षधर है भारत

भारत ने दोहराया कि वह बांग्लादेश में शांति, स्थिरता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का समर्थक है और वहां स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी और शांतिपूर्ण चुनावों का पक्षधर है। इस बीच, बांग्लादेश ने भी उसी दिन भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया। ढाका के विदेश मंत्रालय ने 20 दिसंबर को नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग और हाई कमिश्नर के आवास के बाहर हुई घटनाओं, साथ ही 22 दिसंबर को सिलीगुड़ी स्थित वीजा सेंटर में कथित तोडफ़ोड़ को लेकर गहरी चिंता जताई। बांग्लादेश सरकार ने आरोप लगाया कि भारत के विभिन्न शहरों में स्थित उसके राजनयिक मिशनों के बाहर चरमपंथी तत्वों द्वारा हिंसक प्रदर्शन किए गए, जो अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मानदंडों का उल्लंघन है।

## भारत से लांच हुआ सबसे भारी उपग्रह

### धरती पर कहीं से भी वीडियो कॉल कर सकेंगे

**श्रीहरिकोटा/ए।** आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ने बुधवार सुबह एलवीएम3-एम6 रॉकेट से अमेरिकी सैटेलाइट ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 लॉन्च किया। 6,100 किलोग्राम वजनी ब्लूबर्ड, भारत से लॉन्च किया गया अब तक का सबसे भारी सैटेलाइट है। इसरो चेयरमैन वी. नारायणन ने इसे देश के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। इससे पहले, नवंबर में लॉन्च किया गया एलवीएम3-एम5 कम्युनिकेशन सैटेलाइट-03 करीब 4,400 किलोग्राम का था। इसे जियोसिंक्रोनस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### पीएम मोदी ने जताई खुशी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एलवीएम3-एम6 रॉकेट से ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 सैटेलाइट के सफल लॉन्च पर खुशी जताई। उन्होंने एक्स पर लिखा, यह भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह लॉन्च भारतीय मिट्टी से अब तक का सबसे भारी सैटेलाइट अंतरिक्ष में स्थापित करने वाला मिशन है और यह भारत की हैवी-लिफ्ट लॉन्च क्षमता को मजबूत करता है।

### खासियत

- ऊंचाई 43.5 मीटर
- इंजन- क्रायोजेनिक
- लिफ्ट- ऑफ के लिए दो S-200 सॉलिड बूस्टर थ्रस्ट

### ब्लूबर्ड ब्लॉक-2

- फेज्ड एरे 223 वर्ग मीटर, वजन 6100 किलोग्राम
- ऑर्बिटल डिप्लॉय ऊंचाई 600 किमी

# भोपाल में जेल बंदी की संदिग्ध हालात में मौत

## रेप के केस में सात महीने से बंद था, आखिरी मुलाकात में बहन से बोला- कब बाहर आऊंगा

**भोपाल/नवप्रदेश।** भोपाल सेंट्रल जेल में बंद विचाराधीन बंदी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वह नाबालिग से रेप के केस में जेल में बंद था। बहन से आखिरी बार 8 दिन पहले उसकी मुलाकात हुई थी। तब उसने कब तक बाहर आने की बात पूछी थी। इसी के साथ सीने में तेज दर्द की बात कही थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि बेहोशी की हालत में सोमवार शाम को उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस के मुताबिक रोशन पंथी (21) पुत्र भैयालाल पंथी विदिशा का रहने वाला था।

### नाबालिग रिश्तेदार ने दर्ज कराई थी एफआईआर

छोला मंदिर थाना क्षेत्र में रहने वाली 16 साल की नाबालिग रिश्तेदार किशोरी ने उसके खिलाफ रेप का केस करीब सात महीने पहले दर्ज कराया था। आरोपी पर घर में घुसकर ज्यादती करने का आरोप था। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से ही रोशन जेल में बंद था।

### पिता बोले- बेटी से सीने में दर्द की शिकायत की थी

मृतक के पिता भैयालाल पंथी ने बताया कि आठ दिन पहले बड़ी बेटी ने बेटे से मुलाकात की थी। तब रोशन ने सीने में तेज दर्द की शिकायत की थी। उसे जेल में समय पर इलाज नहीं दिया गया। सोमवार शाम को एक पुलिसकर्मी ने कॉल कर बताया कि बेटे की तबीयत सीरियस है। भोपाल आ जाएं, यहां आए तो बेटा वेंटीलेटर पर मिला। उसके शरीर में हलचल नहीं थी। डॉक्टरों से पूछने पर बीमारी नहीं बताई गई। जवान बेटे की अचानक मौत से हम सदमें में हैं। मौत की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

# नर्मदापुरम के विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्य-प्रणाली को समझा

## सुशासन दिवस पर हुआ आयोजन

**भोपाल/नवप्रदेश।** शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम के विद्यार्थियों ने बुधवार को भोपाल में संसदीय विद्यापीठ में संसदीय पद्धति एवं प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सुशासन दिवस पर विधानसभा पहुँच कर संसदीय कार्य-प्रणाली एवं प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म-दिवस 25 दिसम्बर को सार्वजनिक अवकाश होने के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम के विद्यार्थियों ने विधानसभा का दौरा किया। संसदीय विद्यापीठ के संचालक श्री राजेश गुप्ता ने विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संवैधानिक मर्यादाओं के प्रति सजग रहने की समझाइश दी। महिला बाल विकास के अधिकारी श्री अमिताभ अवस्थी, संसदीय विद्यापीठ के अधिकारी श्री एम.के. राजोरिया ने संसदीय प्रक्रियाओं की जानकारी दी। विषय-विशेषज्ञ के रूप में मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय के सेवानिवृत्त उप सचिव श्री के.एल. दलवानी ने विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्य-प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष पं. कुंजीलाल दुबे के नाम पर भोपाल में संसदीय विद्यापीठ का गठन किया गया है। पीठ के माध्यम से विद्यार्थियों को संसदीय पद्धति एवं प्रक्रिया की जानकारी दी जाती है। पीठ में वर्षभर शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों के लिये निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

# भोपाल में नवविवाहिता से पड़ोसी ने रेप किया: घर में घुसकर की वारदात

## भांजे को देख भागा आरोपी युवक; पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**भोपाल/नवप्रदेश।** भोपाल के निशातपुरा इलाके में रहने वाली 20 साल की नवविवाहिता के साथ पड़ोसी ने रेप किया। आरोपी सुई और धागा मांगने उसके घर पहुंचा था। जहां महिला को अकेला देखकर उसके साथ ज्यादती की। पीड़िता के शोर मचाने पर उसका भांजा मौके पर पहुंचा। जिसे देखकर आरोपी भाग निकला। पुलिस ने रेप का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी युवक की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक 20 वर्षीय महिला मूल रूप से ब्यावरा जिला राजगढ़ की रहने वाली है। उसकी शादी निशातपुरा इलाके में रहने वाले एक युवक से हुई है। महिला ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की शाम को घर में अकेली थी। तभी पड़ोस में रहने वाला 44 वर्षीय भाऊ सिंह उसके घर पहुंचा। आरोपी ने उससे सुई और धागा मांगा, महिला इसे लेने के लिए घर के अंदर स्थित एक कमरे में गई। आरोपी भी पीछे-पीछे वहीं पहुंच गया। उसने महिला के साथ डरा और धमकाकर रेप किया। पीड़िता ने शोर मचाया, इसी बीच एक महिला का भांजा घर पहुंच गया। जिसे देखकर आरोपी वहां से भाग निकला। जिसके बाद पीड़िता ने शिकायत थाने में पहुंचकर की। जांच के बाद बुधवार सुबह पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खेल और सहकारिता में हुई अभूतपूर्व प्रगति : मंत्री सारंग

## खिलाड़ियों का सम्मान, युवा सशक्तिकरण और किसान-ग्रामीणों के लिए सहकारी क्रांति

भोपाल/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की डबल इंजन सरकार की परिकल्पना जहाँ केंद्र और राज्य एक साझा लक्ष्य, साझा गति और साझा परिणाम के साथ काम करते हैं, आज मध्यप्रदेश में ज़मीन पर साकार रूप ले रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सक्षम नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने बीते दो वर्षों में सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। यह बात सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने बुधवार को अपेक्स बैंक समन्वय भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में कही।

### खेल एवं युवा कल्याण विभाग- प्रदेश का गौरव, देश में नई पहचान

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी आज राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर पदक अर्जित कर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। वर्ष 2024 में पेरिस (फ्रांस) में आयोजित ओलम्पिक व पैरा ओलम्पिक 2024 में प्रदेश के खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता कर पदक अर्जित किये। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर भी मध्यप्रदेश ने खेलों में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स, तमिलनाडु में भी प्रदेश के खिलाड़ियों ने 29 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसी प्रकार 38वें नेशनल गेम्स, उत्तराखण्ड में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 67 पदक अर्जित कर राज्यों में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पदक तालिका में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ

वर्ष 2024-25 की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मंत्री श्री सारंग ने बताया कि प्रदेश के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कुल 57 पदक तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 391 पदक अर्जित किए। हॉकी एशिया कप 2025, 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप कजाकिस्तान, खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल श्रीनगर एवं एशियन केनो स्लालम चैंपियनशिप चीन में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश को शीर्ष राज्यों की श्रेणी में स्थापित किया है।

### प्रदेश के खिलाड़ियों ने बनाएं नये राष्ट्रीय रिकॉर्ड

प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर न केवल निरंतर पदक अर्जित कर रहे हैं, बल्कि नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर मध्यप्रदेश की खेल प्रतिभा को नई पहचान दिला रहे हैं। पोल वॉल्ट में देव मीणा ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में रिकॉर्ड प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल किया है। शूटिंग में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 50 मीटर राइफल स्पर्धा में रिकॉर्ड स्कोर के साथ राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज की है। वहीं शॉट पुट में समरदीप सिंह ने अपने दमदार प्रदर्शन से राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

### जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप कांस्य विजेता टीम में प्रदेश के 3 खिलाड़ी

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि तमिलनाडु में आयोजित एफआईएच जूनियर हॉकी वर्ल्ड कपङ्क2025 में भारतीय टीम ने अर्जेंटीना को 4ङ्क2 से पराजित कर पहली बार कांस्य पदक जीतकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि इस गौरवपूर्ण सफलता में मध्यप्रदेश पुरुष हॉकी अकादमी, भोपाल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अंकित पाल, तलैम प्रियोबर्ता एवं थोनाओजाम इंगालेंबा लुवांग के उत्कृष्ट प्रदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### ओलम्पिक और एशियन गेम्स पदक विजेताओं को बनाएंगे राजपत्रित अधिकारी

खिलाड़ियों के सम्मान और भविष्य सुरक्षा पर सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए मंत्री श्री सारंग ने बताया कि प्रदेश के खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार, एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र और लाइफटाइम अचीवमेंट जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। विक्रम पुरस्कार प्राप्त 28 खिलाड़ियों को शासकीय सेवा में नियुक्ति दी गई है, वहीं ओलम्पिक और एशियन गेम्स पदक विजेताओं को राजपत्रित अधिकारी बनाए जाने का प्रावधान किया जा रहा है।

### खिलाड़ियों को दी गई सम्मान राशि

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को व्यापक प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक अर्जित करने वाले 1375 खिलाड़ियों को 116 लाख रुपये, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के 228 पदक विजेताओं को 153 लाख रुपये तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के 51 खिलाड़ियों को 37.83 लाख रुपये दिए गए। पेरिस ओलम्पिक 2024 में 3 कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को 300 लाख रुपये एवं 3 प्रतिभागी खिलाड़ियों को 30 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु 19 खेल संघ संस्थाओं को 50.80 लाख रुपये की सहायता स्वीकृत की गई।

### क्रांति गौड़ को 1 करोड़ की सम्मान राशि

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 की विजेता भारतीय महिला टीम की सदस्य प्रदेश की सुश्री क्रांति गौड़ को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा 1 करोड़ रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई है।

### वर्ष 2047 तक मध्यप्रदेश को स्पोर्ट्स हब बनाने का लक्ष्य

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रदेश में 18 खेलों की 11 खेल अकादमियां संचालित हैं, जहाँ 1300 से अधिक खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खेल अधोसंरचना के क्षेत्र में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होने बताया कि भोपाल के नाथू बरखेड़ा में लगभग 985 करोड़ रुपये की लागत से अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माणाधीन है। प्रदेश में 20 अंतर्राष्ट्रीय हॉकी सिंथेटिक टर्फ, 10 सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक तथा 120 से अधिक स्टेडियम एवं खेल परिसर विकसित किए जा चुके हैं। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक मध्यप्रदेश को भारत का प्रमुख स्पोर्ट्स हब बनाना है।

### खेल विभाग के नवाचार

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि युवाओं को शासन की योजनाओं से जोड़ने हेतु 'मेरा युवा मध्यप्रदेश' पोर्टल को सशक्त किया जा रहा है, जिस पर विभिन्न विभागों की युवा केंद्रित योजनाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 'खेलो बढ़ो अभियान' के माध्यम से विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं तथा युवाओं में खेलों के प्रति रुचि एवं सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश युवा प्रेरक अभियान (MPYP) के अंतर्गत प्रदेश के सफल, सक्षम एवं प्रेरणादायी युवाओं को समाज के लिए मार्गदर्शक (मेंटोर) के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### खेल विभाग की आगामी कार्ययोजना

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि मध्यप्रदेश पुलिस में स्पोर्ट्स कोटा लागू कर प्रतिवर्ष 10 सब-इंस्पेक्टर एवं 50 कांस्टेबल की नियुक्ति का प्रावधान किया जायेगा। मुख्यमंत्री खेल अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध रूप से इंडोर हॉल एवं आधुनिक खेल परिसरों का निर्माण प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण देने हेतु विदेश भेजा जा रहा है तथा विदेशी प्रशिक्षकों की सेवाएं ली जा रही हैं। 20वें एशियाई खेल 2026 तथा संभावित ओलम्पिक 2036 की तैयारियों के तहत विशेष प्रशिक्षण शिविर, टैलेंट सर्च कार्यक्रम, नई खेल अकादमियों एवं जिलावार फीडर सेंटर्स की स्थापना की जा रही है।

### देश में पहली बार खेल विभाग एवं सभी खेल संघ मिलकर करेंगे यूथ गेम्स

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि देश में पहली बार सभी खेल विभाग और मान्यता प्राप्त खेल संघ मिलकर खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन करेंगे। खेलो एमपी यूथ गेम्स-2025- मध्यप्रदेश का ओलंपिक÷ 10 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि यूथ गेम्स में भाग लेने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भविष्य में राज्य टीम के चयन में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

# भोपाल में लापता ऑटो चालक का शव मिला: पास मिले नशीले इंजेक्शन, 24 घंटे से लापता था

**भोपाल/नवप्रदेश।** भोपाल की करोंद मंडी स्थित ब्रिज के पास मैदान से बुधवार की दोपहर को पुलिस ने लापता ऑटो चालक का शव बरामद किया है। बॉडी के पास नशीले इंजेक्शन पड़े मिले हैं। पुलिस का अनुमान है कि नशे के ओवर डोज के कारण युवक की मौत हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बॉडी को पीएम के लिए मर्चुरी भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक मृतक हैदर अली (35) पुत्र जमालउद्दीन हाउसिंग बोर्ड करोंद में रहता था। मंगलवार की दोपहर को वह ऑटो से निकला था। रात नौ बजे तक कई कॉल करने पर भी उसने कॉल नहीं रिसीव किया था। देर रात परिजनों ने थाने में शिकायत की थी। बुधवार की सुबह से परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच पुलिस ने परिजनों को एक लाश मिलने के बाद शिनाख्त करने के लिए बुलाया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बॉडी की पहचान की। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद बॉडी को पीएम के लिए रवाना किया। पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस शव परिजनों के हवाले करेगी। पुलिस का कहना है कि बॉडी के पास ही नशीले इंजेक्शन मिले हैं। नशे के ओवर डोज के कारण मौत होने का अनुमान है। हालांकि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# तेजी से विकसित हो रहा है भोपाल के नजदीक बड़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र

### औद्योगिक इकोसिस्टम और सरकारी सहयोग से एक आदर्श औद्योगिक हब बना रहा बड़ियाखेड़ी

**भोपाल/नवप्रदेश।** राजधानी भोपाल से सटे सीहोर जिले का बड़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र आज प्रदेश के तेजी से विकसित होते औद्योगिक क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बना रहा है। कभी शांत ग्रामीण क्षेत्र रहा बड़ियाखेड़ी अब रोजगार, निवेश और उद्यमिता का नया प्रतीक बन चुका है। प्रदेश सरकार की उद्योग-हितैषी नीतियों, बेहतर सड़क कनेक्टिविटी, बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं और ''जिला प्रशासन के सक्रिय सहयोग'' ने इस क्षेत्र के विकास को नई गति दी है। उद्योग संचालकों का कहना है कि भूमि आवंटन, अनुमति प्रक्रिया और प्रशासनिक मार्गदर्शन समयबद्ध व पारदर्शी रहा जिससे निवेशकों का भरोसा बड़ा। आज बड़ियाखेड़ी में छोटे और मध्यम उद्योगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। खाद्य प्रसंस्करण, पैकेजिंग, इंजीनियरिंग, वेयरहाउसिंग और सर्विस सेक्टर से जुड़े उद्योग यहां स्थापित हो रहे हैं। इसका सीधा लाभ स्थानीय लोगों को रोजगार के रूप में मिला है। आसपास के गांवों के अनेक युवा अब अपने ही जिले में काम पा रहे हैं जिससे पलायन में कमी आई है। खास बात यह है कि बड़ियाखेड़ी युवा उद्यमियों के लिए अवसरों का केंद्र बनकर उभरा है। कई युवा न केवल स्वयं रोजगार पा रहे हैं, बल्कि छोटे-छोटे उद्योग लगाकर दूसरों को भी रोजगार दे रहे हैं। प्रशिक्षण, बैंकिंग सहायता और सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर नई पीढ़ी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही है। बड़ियाखेड़ी औद्यागिक क्षेत्र लगभग 200 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है जिसमें 141 उद्योगों के लिए प्लाट आवंटित किये जा चुके हैं। इनमें से 32 उद्योग स्थापित हो चुके हैं और निरंतर संचालित हैं। सीहोर के पास ही मंडी औद्योगिक क्षेत्र में 11, पचामा औद्योगिक क्षेत्र में 20, आद्योगिक इकाइयां कार्यरत हैं। इसके अलावा 10 से अधिक उद्योग निजी भूमि में स्थापित हैं। आईटीसी इंडस्ट्री के श्री अमित शर्मा, जगदम्बा पाइप इंडस्ट्री के श्री अंकित शर्मा तथा हम्बल काउ के संचालक श्री राम अवतार राय ने कहा कि उद्योग संचालकों का मानना है कि आने वाले

# भोपाल में 2 डॉक्टरों की पूरे महीने की सैलरी कटी

## 500 किमी दूर से एक ने लगाई हाजिरी, दूसरे की अटेंडेंस में अलग-अलग चेहरे आए नजर

**भोपाल/नवप्रदेश।** भोपाल में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक में पदस्थ चिकित्सकों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर की गई फर्जी अटेंडेंस का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जांच में खुलासा हुआ कि एक डॉक्टर ने अपने कार्य स्थल से करीब 500 किलोमीटर दूर रहते हुए ऐप पर हाजिरी लगा दी। जबकि दूसरे मामले में एक ही डॉक्टर की अटेंडेंस में अलग-अलग चेहरों की तस्वीरें दर्ज मिलीं। यह गड़बड़ी सीएमएचओ कार्यालय की नियमित समीक्षा के दौरान पकड़ में आई। मामला सामने आते ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने सख्त रुख अपनाते हुए दोनों डॉक्टरों का एक माह का वेतन काटने के आदेश बुधवार को जारी कर दिया है।

### सार्थक ऐप की निगरानी से सामने आया मामला

पिछले कुछ समय से भोपाल सीएमएचओ कार्यालय 'सार्थक ऐप' पर दर्ज की जा रही उपस्थिति की नियमित निगरानी कर रहा है। इसी प्रक्रिया के तहत जब हालिया उपस्थिति डेटा का विश्लेषण किया गया, तो कुछ एंट्री असामान्य पाई गईं। ऐप में दर्ज लोकेशन और फोटो वेरिफिकेशन ने स्पष्ट संकेत दिए कि संबंधित चिकित्सक वास्तविक कार्य स्थल पर मौजूद नहीं थे, इसके बावजूद उनकी उपस्थिति दर्ज हो रही थी। यह स्थिति न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि डिजिटल सिस्टम की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े करती है।

पहला मामला मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक, बाग मुगलिया से जुड़ा है। यहां पदस्थ चिकित्सक डॉ. मिनहाज की उपस्थिति जांच के दौरान और भी चौंकाने वाला तथ्य सामने आया। सार्थक ऐप पर दर्ज उनकी हाजिरी में अलग-अलग लोगों के चेहरे दिखाई दिए। इससे संदेह गहराया कि या तो किसी अन्य व्यक्ति से उपस्थिति दर्ज करवाई गई या फिर तकनीकी सिस्टम से छेड़छाड़ की गई। अधिकारियों के मुताबिक यह मामला सिर्फ गैरहाजिरी का नहीं, बल्कि डिजिटल प्रक्रिया के दुरुपयोग का भी संकेत देता है।

### 500 किलोमीटर दूर से लगी हाजिरी

दूसरा मामला मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक, गौतम नगर में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव सिंह से जु?ा है। उन्होंने अपने कार्यस्थल से लगभग 500 किलोमीटर दूर रहते हुए 'सार्थक ऐप' पर उपस्थिति दर्ज करा दी। इतना ही नहीं, रोजमर्रा की उपस्थिति भी लगभग 11 किलोमीटर दूर की लोकेशन से लगाई जा रही थी। इससे साफ है कि चिकित्सक नियमित रूप से अपने निर्धारित क्लिनिक में उपस्थित नहीं थे, जबकि कागजों में वे ड्यूटी पर मौजूद दिखाए जा रहे थे।

### पूरे महीने की सैलरी काटी

मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमएचओ भोपाल ने तत्काल सख्त कार्रवाई करते हुए दोनों चिकित्सकों का एक माह का वेतन काटने के आदेश जारी किए हैं। यह कार्रवाई न केवल दंडात्मक है, बल्कि अन्य कर्मचारियों के लिए भी एक कड़ा संदेश मानी जा रही है कि नियमों से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मंत्रालय में सुशासन दिवस मनाया गया

भोपाल/नवप्रदेश। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के एक दिन पूर्व मंत्रालय में सुशासन दिवस मनाया गया। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा विमुक्त , घुमन्तु, अर्द्धघुमन्तु कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने मंत्रालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में प्रात- 11 बजे अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई। इससे पहले उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण किया। भोपाल के सांसद श्री आलोक शर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित थे। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदण्डों को स्थापित करने के लिये संकल्पित रहकर शासन को अधिक पारदर्शी,सहभागी ,जनकल्याण केन्द्रित और जबावदेह बनाने के प्रयास करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल, श्री मनु श्रीवास्तव, श्री के.सी.गुप्ता, श्री संजय कुमार शुक्ला सहित मंत्रालय वल्लभ भवन, सतपुड़ा-विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी एवं पुलिस अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना

**उज्जैन/नवप्रदेश।** केन्द्र शासन एवं राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री कृषक मित्र योजना (कुसुम-बी) का प्रदेश स्तर पर संचालन किया जा रहा है। इस योजना में कृषकों को 1 एच.पी. से 7.5 एच.पी. तक के सोलर पंपों की स्थापना का कार्य म.प्र. ऊर्जा विकास निगम द्वारा कराया जा रहा है। इसमें कृषकों को 90 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है। केन्द्र शासन 30 प्रतिशत तथा राज्य शासन 60 प्रतिशत का अनुदान बैंक ऋण के रूप में कर रही है। इस बैंक ऋण के भुगतान की जवाबदारी राज्य शासन की है। इस योजना में जिन कृषकों द्वारा पूर्व में आवेदन किया गया है। उन सभी को हितग्राही अंश राशि सोलर पंप की क्षमतानुसार दिनांक 31/12/2025 तक आवश्यक रूप से जमा कराया जाना है। यह राशि ऑनलाईन हितग्राही लॉगिन कर जमा कराया जाना है। नगद या ऑफलाईन तथा अन्य किसी माध्यम से हितग्राही राशि को भुगतान नही करना है।

### श्री महाकालेश्वर मंदिर गर्भगृह में रजत दीवारों की सफाई कार्य

**उज्जैन/नवप्रदेश।** श्री महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में स्थापित रजत दीवारों, रजत द्वारों एवं रुद्रयंत्र की नियमित स्वच्छता एवं संरक्षण के अंतर्गत सफाई कार्य किया जा रहा है

### वडोदरा यार्ड में ब्लॉक से रतलाम मंडल की दो मेमू ट्रेनें प्रभावित

**रतलाम/नवप्रदेश।** पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल अंतर्गत वडोदरा यार्ड में प्रस्तावित ब्लॉक के कारण रतलाम मंडल से संबंधित दो मेमू ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। गाड़ी संख्या 69120 दाहोद:वडोदरा मेमू दिनांक 24 दिसंबर 2025 से 17 जनवरी 2026 तक छायापुरी रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा छायापुरी से वडोदरा के बीच निरस्त रहेगी।इसी प्रकार गाड़ी संख्या 69119 वडोदराः दाहोद मेमू उक्त अवधि में छायापुरी से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी और वडोदरा से छायापुरी के मध्य निरस्त रहेगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से असुविधा से बचने के लिए यात्रा से पूर्व ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेने की अपील की है।

### समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है- कलेक्टर

**सीहोर/नवप्रदेश।** जिले में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु कलेक्टर श्री बालागुरू के. की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन एवं संचालन की विस्तार से जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने आगामी कन्या विवाह सम्मेलनों के आयोजन की तैयारियों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने दिव्यांग बच्चों की शिक्षा एवं पुनर्वास की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रशिक्षण एवं पुनर्वास सुविधाएं प्राथमिकता से उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जोड़ने दिव्यांग छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान करने तथा दिव्यांगजनों के चिन्हांकन हेतु स्क्रीनिंग कार्य की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विभागीय निर्देशानुसार चिन्हांकन कार्य समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके साथ ही कलेक्टर ने वृद्धावस्था पेंशन सहित सभी पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी पात्र हितग्राही पेंशन लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को गांवों भ्रमण कर पेंशन हितग्राहियों की जानकारी लेने तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से छूट न जाए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### दिव्यांगजनों के लिये संचालित योजना की प्रगति

बैठक में जानकारी दी गई कि जनवरी 2025 से अभी तक जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केन्द्र सीहोर में 1016 नवीन हितग्राहियों का पंजीयन किया गया है तथा 4911 हितग्राहियों का फालोअप किया जा रहा है। इसी प्रकार फिजियोथेरेपी 516, सायकोलॉजी 197, मोबिलिटी ट्रेनिंग 424, वोकेशनल काउंसलिंग 833 आडियोगे ट्रीटमेंट 434, सहायक उपकरण 101 तथा 129 दिव्यांगजनों को रेलवे कार्ड बनाये गये। इसके साथ ही 1199 दिव्यांगजनों के यूनिवर्सल कार्ड जनरेट किये गये।

# राजस्व महाअभियान और तकनीकी नवाचारों से जनता को मिली बड़ी राहत: मंत्री वर्मा

### मध्यप्रदेश में है पारदर्शी और डिजिटल राजस्व व्यवस्था

### जियो फेंस तकनीक से हो रही त्रुटिरहित फसल गिरदावरी

**भोपाल/नवप्रदेश।** राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पिछले दो वर्षों में राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, त्वरित और जनोन्मुखी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं।राजस्व विभाग द्वारा चलाए गए अभियानों और तकनीकी नवाचारों से नागरिकों को बड़ी राहत मिली है तथा लंबे समय से लंबित मामलों का तेजी से निराकरण संभव हुआ है।राजस्व मंत्री श्री वर्मा बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों एवं नवाचारों पर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान प्रमुख सचिव राजस्व श्री विवेक पोरवाल, आयुक्त राजस्व श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि राजस्व विभाग ने प्रकरणों के त्वरित समाधान के लिए वर्ष 2024-25 में ''राजस्व महाअभियान÷ के तीन चरण संचालित किए,जिनमें एक करोड़ से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया।उन्होंने कहा कि प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए राजस्व न्यायालयों में न्यायिक एवं गैर-न्यायिक कार्यों के लिए पृथक-पृथक अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है 24 जिलों में जिसने राजस्व न्यायालयों के लिए समर्पित अधिकारियों की नियुक्ति कर त्वरित एवं नियमित न्यायिक कार्यवाही सुनिश्चित की है। मंत्री श्री वर्मा ने ÷सायबर तहसील÷ को विभाग की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि 29 फरवरी 2024 से नामांतरण की प्रक्रिया पूरी तरह पेपरलेस और फेसलेस कर दी गई है। अब 20 दिनों के भीतर नामांतरण पूरा कर आदेश व्हाट्सएप एवं ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। सायबर तहसील के माध्यम से अब तक 6 लाख 26 हजार से अधिक नामांतरण प्रकरणों का निराकरण किया गया है, जिसके लिए इसे प्रधानमंत्री उत्कृष्टता प्रमाण पत्र भी प्राप्त हुआ है। आंशिक खसरा प्रक्रिया को भी ऑनलाइन किया गया है, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 8 लाख नागरिक लाभान्वित होंगे तथा विवादित प्रकरणों का आपसी सहमति से त्वरित समाधान संभव होगा।

#### स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को मिला भू-अधिकार

मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत गांवों की आबादी में निवासरत नागरिकों को भू-अधिकार पत्र प्रदान किए गए हैं। अब तक 39 लाख 60 हजार से अधिक लोगों को स्वामित्व अधिकार पत्र वितरित किए जा चुके हैं। इस तरह प्रदेश में योजना का 94 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

#### जियो फेंस तकनीक से त्रुटिरहित फसल गिरदावरी

मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जहाँ ड्रोन एवं जियो फेंस तकनीक का उपयोग कर त्रुटिरहित फसल गिरदावरी कराई जा रही है। इससे किसानों को वास्तविक नुकसान का लाभ समय पर मिल सकेगा। वर्ष 2025-26 में अब तक बाढ़ एवं अतिवृष्टि से प्रभावित नागरिकों को 2 हजार 68 करोड़ 99 लाख रुपये की सहायता राशि वितरित की जा चुकी है। भू-अर्जन प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए आरसीएमएस पोर्टल पर एलएएमएस मॉड्यूल विकसित किया गया है।आरसीएमएस के माध्यम से पिछले दो वर्षों में 41.68 लाख प्रकरणों में से 94त्न से अधिक प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण किया गया। राजस्व संग्रहण में भी प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

## शासकीय सेवकों को अपने दायित्वों को नहीं भूलना चाहिए- पूर्व कलेक्टर जैन

**प्रशासन गांव की ओर अभियान अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न**

**शिवपुरी/नवप्रदेश।** जिले में सुशासन सप्ताह 2025 के तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान 19 दिसंबर से 25 दिसंबर 2025 तक चलाया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत मंगलवार को गांधी पार्क स्थित मानस भवन शिवपुरी में सुशासन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच पर उपस्थित अतिथियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पं.अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस मौके पर कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, सेवानिवृत्त आईएएस आर.के.जैन, वरिष्ठ पत्रकार एवं तथागत फाउंडेशन के अध्यक्ष आलोक एम. इंदौरिया, वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं साहित्यकार प्रमोद भार्गव, वरिष्ठ पत्रकार संजीव बांझल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी, आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का शॉल श्रीफल देकर सम्मान भी किया गया। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने संक्षिप्त उद्बोधन देते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ ग्रामीण स्तर पर सेवा प्रदायगी को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए जितना अच्छा काम हम कर सकते है, उतना अच्छा काम हमें करना चाहिए। इसी से ही सुशासन की जो पहल है, वह सार्थक सिद्ध होगी। शासकीय सेवक बेहतर से बेहतर कार्य करके आमजन के जीवन बेहतर बनाने का प्रयास करें। सेवानिवृत्त आईएएस आर.के.जैन ने कहा कि हमें ऐसे प्रयास करने चाहिए कि पंक्ति के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की सहायता हो सके। जो भी व्यक्ति आपके पास मदद के लिए आता है, उसे जरूर सुनो और मनन भी करो। मैदानी

कर्मचारी भी यह सोचे की किस प्रकार शासन की योजनाओं का लाभ गरीब व्यक्ति तक पहुंचे। शासकीय सेवक अपनी कमियों को जाने और उन्हें दूर करें। हर व्यक्ति इस बात को ध्यान में रखें कि हम जो भी कर रहे है, उसे ईश्वर देख रहा है, इसलिए अच्छे कर्म करें। शासकीय सेवकों को अपने दायित्वों को नहीं भूलना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार एवं तथागत फाउंडेशन के अध्यक्ष आलोक एम. इंदौरिया ने कहा कि सुशासन अच्छे निर्णय लेने की एक प्रक्रिया है, ईमानदारी से अपना काम करें। शासकीय सेवक समन्वय स्थापित कर संवेदनशील, उत्तरदायी एवं जनकल्याणकारी प्रशासन की दिशा में कार्य करें, यही सुशासन की सच्ची भावना होगी और इस सुशासन सप्ताह को केवल एक कार्यक्रम न मानकर, जनसेवा के संकल्प के रूप में आत्मसात करें। वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं साहित्यकार प्रमोद भार्गव ने कहा कि आज हम पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि सुशासन का सबसे मुख्य अंग है ग्रामसभा। ग्राम सभा में इतनी ताकत होती है कि जो भी आदेश ग्राम सभा में पारित होते है उसे शत प्रतिशत मानने की बाध्यता है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं प्रेस प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन पर बैठक

**शिवपुरी/नवप्रदेश।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आज विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं प्रेस प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन पर बैठक आज जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष सचिव अथवा प्रतिनिधि, पत्रकारगण, जिले के समस्त एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावलियों के प्रारूप प्रकाशन किए जाने की जानकारी दी गई तथा अवगत कराया गया कि आमजन प्रारूप निर्वाचक नामावली का अवलोकन मतदान केन्द्र पर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण ऑफिस, अन्य अभिहित स्थलों पर कर सकते है तथा उनका नाम होने की पुष्टि भी कर सकते है। यह प्रारूप

निर्वाचक नामावली मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट http//www.ceoelection.mp.gov.in पर सर्च सुविधा के साथ उपलब्ध है। अनुपस्थित / स्थानांतरित/ मृत/दोहरी प्रविष्टि वाले निर्वाचकों के नाम प्रारूप निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नही है, की सूची का प्रदर्शन भी ष्टश्वह्र की वेबसाइट पर किया गया है तथा संबंधित पंचायत भवन / शहरी क्षेत्र में संबंधित नगरीय निकाय के सूचना पटल पर तथा संबंधित जनपद पंचायत के कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की गई है। जिले के अन्तर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में गणना अवधि (Enumeration Period) के दौरान 16,805 मृत, 4,129 दोहरी प्रविष्टि, 19,048 अनुपस्थित तथा 38,713 स्थानांतरित निर्वाचक पाएं गए जिनकी सूची पूर्व में मतदान केन्द्रवार BLO-BLA बैठक में साझा की गयी थीं। सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को पुनः जानकारी दी गई कि प्रारूप निर्वाचक नामावली के प्रकाशन उपरांत दावे आपत्तियों को प्रस्तुत करने का कार्य 23 दिसम्बर से 22 जनवरी 2026 तक किया जाएंगा। साथ ही दिनांक 23 दिसम्बर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक गणना फॉर्मों की जाँच के आधार पर नोटिस जारी करने तथा दावे अपत्तियों का निराकरण का कार्य होगा। सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को प्रारूप निर्वाचक नामावली की एक हार्ड कॉपी तथा एक प्रति सीडी में (फोटो रहित) उपलब्ध करायी गयी है, साथ ही मतदान केन्द्रों की सूची भी प्रदाय की गई है। उपस्थित प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि प्रारूप निर्वाचक नामावली में छूटे हुए पात्र निर्वाचकों के नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रपत्र-6, अयोग्य व्यक्ति का नाम निर्वाचक नामावली से हटाने हेतु प्रपत्र 7 एवं प्रविष्टि में सुधार आदि के लिए प्ररूप-8 में आवेदन करने में आमजन का सहयोग करें। BLA के माध्यम से भी प्रतिदिन 10 आवेदन मय सूची के इस वचन के साथ प्रस्तुत कर सकता है कि उसने व्यक्तिगत रूप से आवेदन प्रपत्रों के विवरण का सत्यापन कर लिया है तथा वह संतुष्ट हैं कि वे सही है। नाम जोड़ने के प्ररूप-6 के साथ एवं राज्य से बाहर से स्थानातंरित निर्वाचक के प्रकरण में घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाना है।

## प्रशासन गाँव की ओर सुशासन सप्ताह के तहत कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ग्राम पंचायत रामगढ़ व पिपलिया कुल्मी में शिविर में की सहभागिता

**कार्य में लापरवाही पर रामगढ़ हल्का पटवारी को निलंबित करने दिए निर्देश**

**राजगढ़/नवप्रदेश।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गाँव की ओर अभियान के तहत बुधवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने ग्राम पंचायत रामगढ़ एवं ग्राम पंचायत पिपलिया कुल्मी में आयोजित शिविरों में पहुँचकर सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले भी साथ रहे। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने शिविर में ग्रामीणजनों के साथ जमीन पर बैठकर सीधा संवाद कर उनकी समस्याएँ, शिकायतें एवं आवश्यकताओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने के निर्देश भी विभागीय अधिकारी को दिए। शिविर के दौरान राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं उद्यानिकी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदकों को सुना व विभागीय योजनाओं की चर्चा भी ग्रामीणों के साथ की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं की जानकारी आमजन तक सुगमता से पहुँचाई जाए तथा सेवा वितरण में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बरती जाए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने कहा कि प्रशासन गाँव की ओर पहल का उद्देश्य शासन को आम नागरिकों के और अधिक निकट लाना है, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान ग्राम पंचायत स्तर पर किया जा सके। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

# मंत्री परमार ने सिवनी में आयुष कार्यालय, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस और पॉलीटेक्निक कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

भोपाल/नवप्रदेश। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने, बुधवार को सिवनी जिले के प्रवास के दौरान, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय का औचक निरीक्षण कर, महाविद्यालयीन गतिविधियों एवं विद्यार्थियों को दी जा रही समस्त सुविधाओं का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री श्री परमार ने सर्वप्रथम महाविद्यालय परिसर में स्थित मां भारती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया एवं महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री श्री परमार ने महाविद्यालय में संचालित कक्षाओं का अवलोकन करते हुए, विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया। संवाद के दौरान विद्यार्थियों से उनके ग्राम, कॉलेज तक आने-जाने के साधनों की जानकारी लेते हुए, महाविद्यालय के प्राचार्य को 15 किलोमीटर

की परिधि तक विद्यार्थियों के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। मंत्री श्री परमार ने महाविद्यालय में विद्यार्थियों की अधिकतम एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही परिसर में पूर्णरूपेण स्वच्छता बनाए रखने को भी कहा। मंत्री श्री परमार ने महाविद्यालय की लाइब्रेरी का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा उपलब्ध पुस्तकों के समुचित वितरण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया, जिससे विद्यार्थियों को अध्ययन में सुलभ एवं सुगम सुविधा मिल सके। इस दौरान सिवनी के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन, प्रभारी कलेक्टर श्री अनिल राठौर, एसडीएम श्रीमती पूर्वी तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**मंत्री परमार ने आयुष कार्यालय का औचक निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश**

मंत्री श्री परमार ने आयुष विभाग कार्यालय सिवनी का निरीक्षण कर, कार्यालय के विभिन्न कक्षों, अभिलेखों एवं कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई, साज-सज्जा, सुव्यवस्थित संधारण व्यवस्था तथा विकसित हर्बल गार्डन का भी अवलोकन किया।

मंत्री श्री परमार ने निरीक्षण के दौरान, आयुष विधाओं को आमजन तक अधिक लोकप्रिय, लाभकारी एवं स्वास्थ्यवर्धक बनाने, औषधियों के समुचित संधारण तथा मांग के अनुरूप सेवाओं के विस्तार के लिये आवश्यक मार्गदर्शन एवं निर्देश दिए।

मंत्री श्री परमार ने निरीक्षण के पूर्व, सिवनी विधानसभा के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन, प्रभारी कलेक्टर श्री अनिल कुमार राठौर एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. यशवंत माथुर के साथ संयुक्त चर्चा कर, जिले में 50 बिस्तरीय आयुर्वेदिक अस्पताल एवं हर्बल गार्डन की स्थापना के लिये प्रस्ताव तैयार कर विभाग को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

**मंत्री परमार ने पॉलीटेक्निक कॉलेज में शैक्षणिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं का किया अवलोकन**

मंत्री श्री परमार ने शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय का भी औचक निरीक्षण कर, महाविद्यालयीन गतिविधियों एवं विद्यार्थियों को दी जा रही समस्त सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर, आवश्यक निर्देश दिए।

## सुविचार

लोग आपको महत्व न दें तो टेंशन न लें क्योंकि अच्छे लोग और अच्छी किताबें सबके समझ में नहीं आती। - अज्ञात

## भारत के खिलाफ बांग्लादेश में बड़ी साजिश

पड़ोसी देश बांग्लादेश में वहां के कटटरपंथियों द्वारा हिन्दुओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा को लेकर अब भारत में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और सरकार से बांग्लादेश के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग उठने लगी है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रहे अत्याचार पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और केन्द्र सरकार को सुझाव दिया है कि वह इस मामले को गंभीरता से लें। केन्द्र सरकार भी बांग्लादेश की स्थिति पर नजर बनाये हुए है और उसके खिलाफ चरणबद्ध कार्यवाही कर भी रही है। बांग्लादेशियों का विजा रद्द किया जा रहा है इसके अलावा भी उसके खिलाफ कार्यवाही की तैयारी हो रही है। भारत बांग्लादेश सीमा पर भारतीय सैनिकों की तैनाती बढ़ा दी गई है जिससे ऐसा लगता है कि निकट भविष्य में कुछ बड़ा होने वाला है। इस बीच फॉरेन अफेयर कमेटी के अध्यक्ष शशि थरूर ने बयान दिया है कि भारत के लिए पाकिस्तान से भी बड़ा खतरा बांग्लादेश से है। उनके इस बयान से साफ जाहिर है कि बांग्लादेश में सिर्फ कट्टरपंथी ही नहीं बल्कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएफआई तथा पाकिस्तान के आतंकी संगठन भी मिलकर भारत के खिलाफ बड़ी साजिश रच रहे हैं। रही बात हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा की तो वह कोई नई बात नहीं है। जब से बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट हुआ है तभी से वहां कट्टरपंथी हिन्दुओं को चुन-चुनकर निशाना बना रहे हैं। इससे गंभीर बात तो यह है कि बांग्लादेश भारत के खिलाफ बड़ा षडयंत्र रच रहा है वह भारत के सात पूर्वोत्तर राज्यों को बांग्लादेश में मिलाने का सपना देख रहा है। सेवन सिस्टर कहे जाने वाले इन पूर्वात्तर के राज्यों को बांग्लादेश का हिस्सा बताते हुए वहां के कटटरपंथियों ने नक्शा भी जारी किया था। हालांकि बांग्लादेश का यह सपना कभी पूरा नहीं होगा। इन सेवन सिस्टर के भारत में दर्जनों ब्रदर हैं ऐसे में बांग्लादेश यदि कोई गुस्ताखी करता है तो बांग्लादेश का वजूद ही मिट जाएगा। दरअसल बांग्लादेश आर्थिक बदहाली का शिकार हो चुका है और उसे पाकिस्तान चीन और अमेरिका से आर्थिक मदद की शर्त पर मिल रही है कि वह भारत के खिलाफ माहौल बनाएं। बांग्लादेश के कट्टरपंथी इन विदेशी ताकतों के हाथों की कठपुतली बने हुए है और वहां लगातार भारत के खिलाफ नारेबाजी और प्रदर्शन हो रहे हैं। वहां के कट्टरपंथी यह साबित करने पर तुल हुए हैं कि बांग्लादेश की सभी समस्याओं के लिए भारत ही जिम्मेदार है। ऐसी स्थिति में बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार और बढ़ने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता और इसके पहले की पानी सिर से ऊंचा हो भारत को बांग्लादेश के खिलाफ कठोर रूख अख्तियार कर कड़ी कार्यवाही शुरू कर देनी चाहिए।

## जीतन राम मांझी के बगावती तेवर

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संयोजक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बिहार विधानसभा चुनाव निपटने के बाद बगावती तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। जबकि उनके बेटे संतोष कुमार को बिहार में नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। जीतन राम मांझी अब राज्यसभा में भी एनडीए से एक सीट की मांग कर रहे हैं। उनका है कि यदि उनकी पार्टी को राज्यसभा की एक सीट नहीं दी गई तो वे अन्य विकल्पों पर विचार करेंगे। उन्होंने तो यहां तक कह दिया है कि उनके लिए केन्द्रीय मंत्री का पद कोई मायने नहीं रखता यदि उन्हें मंत्री पद से हटा दिया गया तो भी उनका अस्तित्व कायम रहेगा। जीतन राम मांझी ने विधानसभा चुनाव के दौरान एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर भी कड़े तेवर दिखाये थे और ज्यादा सीटों का दावा किया था किन्तु बाद में उन्होंने बेमन से ही सही लेकिन सीटों के बंटवारे के लिए तय किये गये फॉर्मूले पर अपनी सहमति की मुहर लगा दी थी। अब वे राज्यसभा की एक सीट के लिए दावेदारी कर रहे हैं और एनडीए में अपनी पार्टी की उपेक्षा का भी आरोप लगा रहे हैं। जीतन राम मांझी यदि बगावत पर उतर आते हैं और एनडीए से नाता तोड़ लेते हैं तो इससे न तो केन्द्र की एनडीए सरकार की सेहत पर कोई असर पड़ेगा और न ही दो तिहाई बहुमत से बिहार में बनी नीतीश कुमार की सरकार का कुछ बिगड़ेगा। इसके बावजूद जीतन राम मांझी यदि एनडीए को ब्लैकमेल करनी की कोशिश करेंगे तो खता खाएंगे।

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

## सद्गुरू बोधामृतम्

◆ को सुख न दे सके राम; साक्षात परमात्मा हैं! कंस को सुख नहीं दे सके कृष्ण।

◆ आत्मज्ञान भी बिना कीमत के नहीं मिलते और आत्मज्ञान का फल है परमआनंद।

◆ केवल और केवल आसक्ति चाहे वस्तु से, चाहे व्यक्ति से, चाहे परिस्थितियों से हो; वही दुख का मूल कारण है।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1763 - भरतपुर के महाराजा सूरजमल की हत्या। 1771 मुग़ल शासक शाह आलम द्वितीय मराठाओं के संरक्षण में दिल्ली के सिंहासन पर बैठे। 1892 - स्वामी विवेकानंद कन्याकुमारी में समुद्र के मध्य स्थित चट्टान पर तीन दिन तक साधना की। 1924 - पहला अखिल भारतीय कम्युनिस्ट कॉन्फ्रेंस कानपुर में संपन्न। 1946 - ताईवान में संविधान को अंगीकार किया गया। 1947 - पाकिस्तानी सेना ने झनगड़ को कब्जे में ले लिया था। 1962 - सोवियत संघ ने नोवाया जेमल्या क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया। 1974 - रोम जा रहे एयर इंडिया के विमान बोइंग 747 का अपहरण। 1977 - हॉलीवुड के प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता चार्ली चैपलिन का निधन। 1991 - राष्ट्रपति मिखाइल एस. गोर्बाचोव के त्यागपत्र के साथ ही सोवियत संघ का विभाजन एवं उसका अस्तित्व समाप्त। 1998 - रूस एवं बेलारूस द्वारा एक संयुक्त संघ बनाये जाने संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर। 2002 - चीन और बांग्लादेश के बीच रक्षा समझौता।

# देश को समर्पित हिमालयी व्यक्तित्व : अटल बिहारी वाजपेयी

**डॉ. नरेश बंसल**
**राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष भाजपा**

*अटल बिहारी वाजपेयी जी ने एक बार लिखा था कि अंधेरे से डरना नहीं चाहिए क्योंकि यह केवल अपने भीतर ही जीवित रहता है। जैसे-जैसे भारत आत्मविश्वास और आकांक्षा के साथ आगे बढ़ रहा है, उनके शब्द और कार्य आगे के मार्ग को प्रशस्त करते रहेंगे। 2025 में अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मशताब्दी वर्ष है । आइये! उस दूरदर्शी नेता, कवि, वक्ता और रणनीतिकार को नमन करें जिन्होंने भारत को एक सशक्त और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए इतिहासिक और साहसिक निर्णय लिए और भारत के सर्वश्रेष्ठ संसद सदस्य का मान अर्जित किया। अटल जी का व्यक्तित्व आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता , मजबूत होते हुए भी करुणामय होने की भावना से प्रेरित था। वह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था, और यह आने वाले वर्षों में भी भारत का मार्गदर्शन करता रहेगा। दीप जले, अंधेरा छटे,सत्य पथ पर देश बढ़े, अटल विचार, अटल संकल्प, युग-युग भारत का पथ गढ़े।*

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी महज एक स्मृति-उत्सव नहीं है, यह राष्ट्रीय आत्मनिरीक्षण का क्षण है।आज जब देश अपने लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष मना रहा है, 140 करोड़ भारतीय एक ऐसे नेतृत्व की परंपरा पर गौरान्वित महसूस कर रहे हैं जिसने नैतिक साहस को लोकतांत्रिक संयम, दृढ़ता को सहानुभूति और दूरदर्शिता को विनम्रता के साथ जोड़ा।

अटल जी उन दुर्लभ राजनेताओं में से एक थे जिनके लिए राजनीति जनसेवा का एक पवित्र साधन थी। उनका नेतृत्व दिखावटी नहीं था; बल्कि प्रेरक था। उनका मानना था कि अधिकार विश्वसनीयता से आना चाहिए और शक्ति जवाबदेही पर आधारित होनी चाहिए। एक प्रतिबद्ध विचारक होते हुए भी, उन्होंने कभी भी विचारधारा को संवाद पर हावी नहीं होने दिया। उनके लिए संसदीय लोकतंत्र एक प्रक्रियात्मक दायित्व नहीं बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी थी।

प्रधानमंत्री के रूप में, अटल जी ने यह सिद्ध किया कि सशक्त नेतृत्व और मानवीय शासन एक साथ चल सकते हैं। उनके कार्यकाल में भारत ने लोकतांत्रिक मूल्यों में दृढ़ रहते हुए वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उनके नेतृत्व ने विश्व को दिखाया कि भारत बिना जल्दबाजी किए दृढ़ संकल्पित हो सकता है, और बिना आक्रामक हुए मुखर हो सकता है। उनके विचार में, शक्ति का अर्थ तभी सार्थक होता है जब वह शांति और स्थिरता के लिए अपनी सार्थकता प्रतिस्थापित करता हो।

पोखरण परमाणु परीक्षण रणनीतिक दृढ़ संकल्प का प्रतीक था , जबकि शांति के लिए उनके प्रयासों ने उनकी कुशल राजनेता की भूमिका को अभिभूत किया। मानवीय मूल्यों के सशक्त प्रहरी , अटल जी मानना था कि भारत को सशक्त होने के साथ-साथ उत्तरदायी भी होना आवश्यक है ।

विकास के प्रति उनका दृष्टिकोण भी उतना ही महत्वपूर्ण था। अटल जी समझते थे कि राष्ट्रीय प्रगति तभी सार्थक होती है जब वह समावेशी हो। अवसंरचना, ग्रामीण संपर्क और दूरसंचार के क्षेत्र में शुरू की गई महत्वपूर्ण पहलों का उद्देश्य केवल संपत्ति अर्जन नहीं था, बल्कि लोगों, बाजारों और अवसरों को आपस में जोड़ना था। सड़कों, संपर्क और प्रौद्योगिकी पर उनकी प्राथमिकताओं ने दूरस्थ क्षेत्रों को राष्ट्रीय मुख्यधारा में एकीकृत करने में मदद



**हार नहीं मानूंगा,रार नहीं ठानूंगा,**
**काल के कपाल पर ,लिखता-मिटाता हूँ,**
**गीत नया गाता हूँ। - अटल बिहारी वाजपेयी**

की और भारत के विकास को एक नया आधार दिया।

नीति और शासन के अलावा, अटल जी का सबसे बड़ा योगदान भारत को एक सभ्यतागत लोकतंत्र के रूप में समझना था। उनका मानना था कि भारत की शक्ति उसकी विविधता, वाद-विवाद करने की क्षमता और एकता खोए बिना मतभेदों को आत्मसात करने की क्षमता में निहित है। उनका राष्ट्रवाद आत्मविश्वास से भरा था, लेकिन कभी भी बहिष्कारवादी नहीं था; दृढ़ होते हुए भी सहानुभूतिपूर्ण था।

उत्तराखंड के लिए अटल जी की विरासत बेहद व्यक्तिगत और परिवर्तनकारी है। 9 नवंबर, 2000 को उत्तराखंड (तब उत्तरांचल) का शांतिपूर्ण गठन लोगों की लंबे समय से पोषित आकांक्षा की पूर्ति थी। यह महज प्रशासनिक पुनर्गठन नहीं था; यह राजनीतिक संवेदनशीलता और राष्ट्रीय दूरदर्शिता का महायज्ञ था क्यूँकि अटल जी समझते थे कि भूगोल शासन को आकार देता है, और जनमानस की आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए आवश्यक है जन-जन के दिल की धड़कनों से जुड़ना ।

उनकी प्रतिबद्धता राज्य बनने के साथ ही समाप्त नहीं हुई ;उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि नवगठित राज्य को विशेष दर्जा और आर्थिक विकास को गति देने के लिए एक समर्पित औद्योगिक पैकेज मिले। उत्तराखंड के आध्यात्मिक और पारिस्थितिक महत्व को पहचानते हुए, उनकी सरकार ने उत्तरकाशी जैसे क्षेत्रों में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष आर्थिक सहायता भी प्रदान की। ये निर्णय विकास के प्रति उनकी समग्र समझ को दर्शाते हैं - एक ऐसी समझ जो पारिस्थितिकी, संस्कृति और आजीविका का सम्मान करती है।

उत्तराखंड के साथ अटल जी का रिश्ता नीतिगत संबंधों से कहीं बढ़कर था। उन्हें यहाँ के पहाड़ों, नदियों और आध्यात्मिक ऊर्जा से गहरा लगाव था। 1984 में चुनाव में हार के बाद उन्होंने हरिद्वार और गंगोत्री की पहाड़ियों में शरण ली और वहाँ की शांति से शक्ति प्राप्त की। बहुत कम नेता किसी क्षेत्र की आत्मा से इतनी गहराई से जुड़ पाते हैं।

आज जब हम कहते हैं, "अटल जी ने बनाया, मोदी जी संवारेंगे ," तो यह तुलना का नारा नहीं, बल्कि निरंतरता की अनुभूति है। अटल जी द्वारा रखी गई कनेक्टिविटी, बुनियादी ढांचा और राष्ट्रीय एकता की नींव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत और विस्तारित किया जा रहा है। दूरदृष्टि की यह निरंतरता समावेशी और महत्वाकांक्षी विकास के प्रति भारतीय जनता पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। जन्म शताब्दी वर्ष, विशेष रूप से युवा भारतीयों के लिए, राजनीति को एक महान कर्तव्य के रूप में पुनः स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। अटल जी का जीवन यह सिखाता है कि नेतृत्व संख्या के बारे में नहीं, बल्कि दूरदर्शिता के बारे में है; टकराव के बारे में नहीं, बल्कि आम सहमति के बारे में है; व्यक्तिगत स्वार्थ के बारे में नहीं, बल्कि उद्देश्यगत ईमानदारी के बारे में है। सार्वजनिक जीवन में रहने वालों के लिए, उनकी यात्रा इस बात की याद दिलाती है कि सत्ता को हमेशा जवाबदेही के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। राष्ट्र के लिए, यह इस विश्वास को मजबूत करता है कि प्रगति और मूल्य प्रतिस्पर्धी विचार नहीं हैं, बल्कि पूरक हैं।

# ढाका में राजनीतिक उथल-पुथल, भारत-बांग्लादेश संबंधों की नई चुनौती

**रवि कुमार माँझी**

*अवसंरचना और विकास परियोजनाओं को तेज़ी से पूरा कर यह दिखाया जाए कि भारत की साझेदारी केवल रणनीतिक नहीं, बल्कि आम लोगों के जीवन से जुड़ी हुई है। कुल मिलाकर, ढाका में हुए राजनीतिक बदलाव भारतङ्कबांग्लादेश संबंधों के लिये एक कठिन परीक्षा हैं, लेकिन यह पूरी तरह संकट नहीं है। यदि भारत संवेदनशीलता, धैर्य और व्यावहारिक कूटनीति के साथ आगे बढ़ता है, तो यह दौर दोनों देशों के बीच रिश्तों को अधिक संतुलित और परिपक्व बनाने का अवसर भी बन सकता है। दक्षिण एशिया की स्थिरता और सहयोग का भविष्य काफी हद तक इसी समझदारी पर निर्भर करेगा।*

भारत और बांग्लादेश के संबंध केवल दो पड़ोसी देशों के रिश्ते नहीं हैं, बल्कि इतिहास, संस्कृति और साझा हितों से गहराई से जुड़े हुए हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम के बाद से भारत ने बांग्लादेश के साथ एक भरोसेमंद साझेदार की भूमिका निभाई है। सीमा विवादों का समाधान, व्यापार में वृद्धि, ऊर्जा सहयोग और कनेक्टिविटी परियोजनाएँ इस रिश्ते की मजबूती का प्रमाण रही हैं। लेकिन हाल के महीनों में ढाका में हुए राजनीतिक घटनाक्रमों ने इन संबंधों के सामने नई चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं।

अगस्त 2024 में शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के पतन को बांग्लादेश की राजनीति में एक बड़े मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं था, बल्कि उस राजनीतिक स्थिरता का अंत भी था, जिस पर भारतङ्कबांग्लादेश संबंध लंबे समय से टिके हुए थे।

इस बदलाव के बाद राष्ट्रीय नागरिक पार्टी जैसे नए राजनीतिक दल उभरे हैं, जिनका नेतृत्व उन छात्र कार्यकर्ताओं के हाथ में है जो सरकार-विरोधी आंदोलनों में सक्रिय थे। इसके साथ ही जमात-ए-इस्लामी जैसी इस्लामी राजनीतिक शक्तियों की वापसी भी हुई है, जिन्हें पारंपरिक रूप से भारत के प्रति आलोचनात्मक माना जाता है।

इस आंतरिक राजनीतिक उथल-पुथल के साथ-साथ बाहरी शक्तियों की बढ़ती भूमिका भारत की चिंता बढ़ाती है। बांग्लादेश और चीन के बीच रणनीतिक सहयोग लगातार गहरा हो रहा है। भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर के पास लालमोनिरहाट एयरफील्ड का उन्नयन इसी दिशा में एक अहम संकेत है। वहीं पाकिस्तान के साथ भी बांग्लादेश के सैन्य संपर्क बढ़े हैं, जैसे पाकिस्तानी नौसेना के फ्रिगेट का हालिया दौरा। इन घटनाओं से यह संकेत मिलता है कि बांग्लादेश अपनी विदेश नीति में नए विकल्प तलाश रहा है, जिससे भारत का पारंपरिक प्रभाव कमजोर पड़ सकता है।

बांग्लादेश की आंतरिक अस्थिरता का असर भारत पर प्रत्यक्ष रूप से भी दिखने लगा है। हालिया हिंसक प्रदर्शनों के दौरान चट्टोग्राम स्थित भारतीय असिस्टेंट हाई कमीशन में

तोड़फोड़ की गई। यह घटना बताती है कि घरेलू राजनीतिक तनाव किस तरह भारत-बांग्लादेश कूटनीतिक संबंधों को प्रभावित कर सकता है।

इसके अलावा बढ़ती अस्थिरता से अवैध प्रवासन और सीमा पार घुसपैठ का खतरा भी बढ़ जाता है, जिसका असर भारत के सीमावर्ती राज्यों की आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक संतुलन पर पड़ सकता है।

भारत द्वारा अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवीय आधार पर शरण देना भी एक संवेदनशील मुद्दा बन गया है। भारत का कहना है कि यह निर्णय मानवीय मूल्यों के तहत लिया गया है और उन्हें किसी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि की अनुमति नहीं दी गई है।

दूसरी ओर, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने इस पर आपत्ति जताई है और इसे देश की आंतरिक स्थिरता से जोड़कर देखा है। इससे दोनों देशों के बीच अविश्वास की स्थिति और गहरी हुई है।

इन राजनीतिक तनावों के बीच कुछ अहम द्विपक्षीय मुद्दे भी अधर में लटकते दिख रहे हैं। 1996 की गंगा जल संधि का नवीनीकरण दिसंबर 2026 में होना है, लेकिन अब तक इस पर औपचारिक बातचीत शुरू नहीं हुई है। जबकि वास्तविकता यह है कि गंगा, ब्रह्मपुत्र और मेघना नदियों से बने बाढ़ के मैदान बांग्लादेश की लगभग 80 प्रतिशत भूमि को सिंचित करते हैं। जल सहयोग में किसी भी तरह की अनिश्चितता सीधे खाद्य सुरक्षा और आजीविका को प्रभावित कर सकती है।

आर्थिक दृष्टि से भारत और बांग्लादेश के रिश्ते अब भी मजबूत हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दोनों देशों के बीच व्यापार 14.01 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया, जिससे बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है।

बांग्लादेश भारत से लगभग 1,160 मेगावाट बिजली आयात करता है और भारत की सहायता से निर्मित 1,320 मेगावाट का मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट ऊर्जा सहयोग का बड़ा उदाहरण है। भारत ने सड़कों, रेलवे और बंदरगाहों के विकास के लिये लगभग 8 अरब अमेरिकी डॉलर की लाइन ऑफक्रेडिट भी प्रदान की है। चटगाँव और मोंगला बंदरगाहों के माध्यम से भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को समुद्री मार्ग से जोड़ना इस साझेदारी का एक व्यावहारिक लाभ है। फिर भी, सबसे बड़ी चुनौती धारणा की है।

बांग्लादेश की नई पीढ़ी, जो 1971 के इतिहास से भावनात्मक रूप से जुड़ी नहीं है, अक्सर भारत को संदेह की दृष्टि से देखती है। कुछ युवा नेता खुले तौर पर भारत के खिलाफबयान दे रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि संबंधों की दिशा अब केवल ऐतिहासिक स्मृतियों से तय नहीं होगी। ऐसे में भारत के लिये ज़रूरी है कि वह केवल सरकारों तक सीमित न रहे, बल्कि बांग्लादेश के युवाओं, नागरिक समाज, मीडिया और सभी राजनीतिक धाराओं के साथ संवाद बढ़ाए। जल कूटनीति जैसे संवेदनशील मुद्दों पर समय रहते पारदर्शी बातचीत शुरू की जाए।

## पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### आप जब जुल्फें

आप जब जुल्फें लहराते हुए आते हैं। बाग फूलों के खिल खिल कर महक जाते हैं। तुम चलते हो तब रुकी हवा चलती है ओढ लो घूंघट तो, चांदनी ढलती है महकी सांसों की खुशबुओं पर तिर कर ख्वाब रंगी तितली से थिरक जाते हैं आप जब जुल्फें...तुम हंसते हो तब नए चमन खिलते हैं प्यार करने को, परवाने मचलते हैं लरजते अधरों पर, भरे हो हाला सी मयकश तो बिन पीके बहक जाते हैं आप जब जुल्फें...

**- अजय कुमार सिंह**

### वक़्त को यूँ ही

वक़्त को यूँ ही नहीं बरबाद कर रो रहा है क्यूं किसी को याद कर हंस पड़ेगा ये ज़माना देखकर आंसुओ का हल कोई ईज़ाद कर छोड़कर जाता नहीं अपना कोई अश्क मोती हैं नहीं बरबाद कर क़ैद बनती याद से पीछा छुड़ा दिल को अपने तू अभी आज़ाद कर आँधियां हों तेज़ और तूफ़ान भी हौसला अपना मगर आबाद कर।

**- मित्र ग़ाज़ियाबादी**

### पेड़ पत्थर और पहाड़ पर नजर है मेरे

पेड़ पत्थर और पहाड़ पर नजर है मेरे सरकार की वो घूम आते हैं विदेश जरूरत नही इसके दीदार की कुछ तो छोड़ो ओ जालिमों अगली पीढ़ी के वास्ते कल को हरियाली पाने जिसने जंगल आज तैयार की तुम रोप आये एक पेड़ गाथा गाते माँ के नाम और अनगिनत माताओं के मेहनत को बेकार की। **- संत आर थवाइत**

### नया साल बस बहुत ही जल्दी साल

नया साल बस बहुत ही जल्दी साल बदलने वाला है। नई उमंगो के साथ नई उम्मीदों वाला है। पर जब भी कोई नया वाला साल आया है। साल भर से ज्यादा चल ही नहीं पाया है । **- तपन मुखर्जी**

### ज़िंदगी का ज़रुरी होना मुझे

ज़िंदगी का ज़रुरी होना मुझे आता है एहसासों को जोड़ना... मुझे आता हैं एहसासों को तोड़ना... अपने ही उसूलों के इतने पक्के हैं मुझे आता है एहसासों को रब पे छोड़ना... कि जिंदगी के हर रंग से मुझे है मिलना लेकिन जरुरी है जिंदगी का मेरे लिए होना...!! **- नंदिता तनूजा**

### कई दिनों से ये दिल मुस्कुराया नहीं

कई दिनों से ये दिल मुस्कुराया नहीं। कोई गीत भी लबों ने गुनगुनाया नहीं। आते रहते हैं सबके फ़ोन मैसेज कॉल; पर महीनों से माँ का कॉल आया नहीं। दिन भर में सैकड़ों बार मोबाइल टटोलती रहती हूँ,पर तुम्हारा कॉल तो आया ही नहीं। **- पूजा 'बहार '**

### कुछ मौन हुए रिश्तों की खनकती आवाज़

कुछ मौन हुए रिश्तों की खनकती आवाज़, कुछ धूप से रिश्तों की घनेरी छांव, कुछ सुस्त पड़ी भावनाओं की अचानक से चहलकदमी, मतलब परस्ती की बू में निस्वार्थ प्रेम की खुश्बू, सब तुम्हारे साथ आ गयीं हैं मेरे जीवन में, सुनो मुझे अच्छा लगता है तुम्हारा रहना मुझमें, "तुम" रुक जाओ न मुझमें ही अब हमेशा के लिए ।

**- शुचि 'भवि'**

## राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

**मेषः** आज आपके सोचे कार्य प्रारंभिक गतिरोध के बाद सफल बनेंगे। व्यवसायी लोग उचित निर्णय क्षमता का लाभ अवश्य पाएंगे। सेहत सामान्य रहेगी।

**वृषः** आज के दिन व्यवस्थाओं में सुधार आने से आय की संभावनाएं बढ़ेंगी। व्यवहार में भी शालीनता रहने से सभी लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर अधिक बोलने से अवश्य बचे मान हानि हो सकती है।

**मिथुनः** आपका आज का दिन अत्यन्त थकान वाला रहेगा। कार्य की भरमार रहने से शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशान रह सकते है। गृहस्थ सुख आज सामान्य से कम ही रहेगा।

**कर्कः** आज आपका पारिवारिक जीवन उत्तम रहेगा व्यवसाय में भी आकस्मिक लाभ होने से उत्साहित रहेंगे। भविष्य की योजनाओं पर भी धन खर्च कर सकते है।

**सिंहः** आज भी परिस्थितियों में उतार चढ़ाव लगा रहेगा इसलिए प्रत्येक कार्य को देख भाल कर ही करें। परिवार में शांति रखने के लिए आवश्यकताओ की पूर्ति समय पर करें। मध्यान के आस-पास सेहत प्रतिकूल बनेगी पेट अथवा वायु सम्बंधित व्याधि एवं शक्ति हीनता अनुभव कर सकते है।

**कन्याः** आज का दिन आपकी बुद्धि एवं विचार शक्ति में विकास कराएगा फिर भी घर एवं बाहर विरोध का सामना करना पड़ सकता है। धन सम्बंधित व्यवहार देखभाल कर करें।

**तुलाः** आज प्रातः काल में किसी आवश्यक कार्य में विलम्ब होने अथवा बिगड़ने के कारण दिन भर क्रोध से भरे रहेंगे फिर भी व्यवहार में नरमी रखें अन्यथा अन्य लाभों से भी हाथ धो बैठेंगे।

**वृश्चिकः** आपका आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यवसायिक एवं पारिवारिक उलझने कम होने से आज आपकी योजना सफल बनेगी। परिजनों का व्यवहार भी आपके अनुकूल रहेगा सहयोग की उम्मीद भी रख सकते है।

**धनुः** आज के दिन लाभ की संभावनाएं बनते बनते बिगड़ सकती है आलस्य की प्रवृति इसका कारण बनेगी। परन्तु फिर भी कार्य क्षेत्र पर सम्मानजनक स्थित बनी रहेगी। शांति बनाए रखें।

**मकरः** आज भी दिन आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा परन्तु आकस्मिक खर्च आज अधिक रहने से परेशानी भी होगी। घर में शांति बनी रहेगी।

**कुंभः** आपकी आज की दिनचर्या भी संघर्ष वाली रहेगी। परिश्रम अधिक करने पर भी अल्प लाभ होने से मन दुःख होगा। सरकारी कार्यो में भी किसी की सहायता की आवश्यकता पड़ेगी।

**मीनः** आज आप प्रातः काल से ही यात्रा की योजना बनाएंगे परन्तु अंतिम समय में किसी कार्य के आने से विघ्न आ सकते है। मन इच्छित कार्य ना होने से दिन भर क्षुब्ध रहेंगे।

## QUIZ TIME

1) झील किवु, जो समाचारों में देखी गई थी, किन दो देशों के बीच स्थित है?

2) माउंट एडम्स एक स्ट्रैटोवोल्केनो किस देश में स्थित है?

3) पारंपरिक ज्ञान के संचार और प्रसार पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?

4) गुप्त काल में बलाधिकरण का सही पद क्या था?

5) हाल ही में कोणार्क चक्र की बलुआ पत्थर प्रतिकृतियां कहां स्थापित की गईं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) वेनेजुएला और कोलंबिया (2) मेक्सिको (3) गुरुग्राम (4) मेघा प्रमुख (5) राष्ट्रपति भवन

## शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -268

(भागवत दास)

बायें से दायें

1. चौड़ी और सपाट जगीन, समतुलि 3. समस्यार, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. फूल का काम, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिरियाना, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. पर्वत, कुल्हा 12. गौण, पैदल 13. कीरत, गुल्म 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. सगता, बराबरी 18. अकलीस, बेहूदा, अपाठ, घटिया 19. धुरि, अचाय, बेंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. अनाथ, हिफाजत 5. गोआपर, मथुर होने का भाव 7. समुद्र 8. जलपरीक्षण, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खीरा, देने की क्रिया 15. दुष्टि, निगाह 16. घोरा, चुचुर, चतुर 17. पराजय, हार।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 267 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | मा | द | चा | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्षे | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| चा | | | मि | थु | न | | दा | म |
| ह | वा | स्ता | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | बा | म |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | वे | च | ना | | ज | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

■ न्यूज गैलरी

## सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जिले में विभिन्न गतिविधियां जारी

**उज्जैन/नवप्रदेश।** आमजन में सुशासन की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए विगत 19 दिसंबर से आगामी 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में जन शिकायतों का त्वरित

निराकरण, सेवा वितरण में सुधार और नागरिक केंद्रित शासन को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जाकर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत बिरमखेडी, पिथौरा, माल्या, साकरिया, टांकरिया पंथ, छपरी, आक्यासोदा, झालरिया, हासामपुरा, गोलवा, सुमराखेड़ा में सुशासन शिविर लगाए जाकर आम जनता की समस्याओं का निराकरण किया गया और उनसे शिकायतें और समस्याएं प्राप्त की गई। उल्लेखनीय है कि शिविर में ई-गर्वनेंस डिजिटल इंडिया और नागरिक सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। शासकीय योजनाओं की जानकारी भी प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाई जा रही है।

## महाकाल मंदिर में भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग 10 दिन बंद, नववर्ष पर बदले दर्शन नियम

**उज्जैन/नवप्रदेश।** नववर्ष पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रशासन ने भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग पर अस्थायी रोक लगा दी है। 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक सुबह 4 बजे होने वाली भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग बंद रहेगी। इस अवधि में श्रद्धालु केवल ऑफलाइन अनुमति लेकर या फिर चलित भस्म आरती के माध्यम से बाबा महाकाल के दर्शन कर सकेंगे।

मंदिर के सहायक प्रशासक आशीष पलवाडिया ने बताया कि नववर्ष पर लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं के उज्जैन आने का अनुमान है। इसी को ध्यान में रखते हुए दर्शन व्यवस्था को सुचारु और सुरक्षित बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त इंतजाम भी किए जा रहे

# शुद्ध मतदाता सूची द्वारा लोक तंत्र का सशक्तिकरण

**उज्जैन/नवप्रदेश।** बुधवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में संयुक्त सचिव वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और विशेष रोल प्रेक्षक निर्वाचन श्री बृजमोहन मिश्रा ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रौशन कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संदीप सिंह, समस्त ईआरओ एवं एईआरओ उपस्थित थे। बैठक में एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित मुख्य तिथियों के बारे में बताया गया कि गत दिवस मतदाता सूची का प्रारुप प्रकाशन हो चुका है। इसके पश्चात आगामी 22 जनवरी तक दावें आपत्तियां प्राप्त किए जाएंगे। साथ ही इनका निराकरण 14 फरवरी तक किया जाएगा। बैठक में जिला

निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत 150 नवीन मतदान केंद्र बनाए गए है। कुल मतदान केंद्रों की संख्या वर्तमान में 2021 है। कुल मतदाता 14,58,616 है। 48,035 मतदाताओं की मेपिंग नहीं हुई है। इन्हें नोटिस दिया जाएगा। प्रेक्षक श्री मिश्रा ने निर्देश दिए कि नोटिस देने का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाए। जो नए ईआरओ है। वे इस और विशेष ध्यान दे। मेपिंग को क्रॉस चेक अवश्य किया जाए। बीएलओ की बैठक आयोजित कर फॉर्म नं.6 और दावें आपत्तियों के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाए। बैठक में बताया गया कि आज दिनांक तक 3431 फॉर्म नं.6 और 3699 फॉर्म नं.8 प्राप्त हुए है। फॉर्म नं. 08 के अंतर्गत मतदाताओं की जानाकारी में संशोधन किया जाना है। रोल प्रेक्षक श्री मिश्रा ने एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में किए गए कार्य पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है। दावें आपत्तियों के निराकरण में अत्यंत सावधानी बरती जाए। नोटिस देने का कार्य विशेष सावधानी के साथ करें। मतदाता सूची त्रुटि रहित होनी चाहिए। कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से न छूटे और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि दावें आपत्तियों को प्राप्त करना तथा इनका निराकरण करना अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता से क्रियान्वित किया जाए।

## मालवा में औद्योगिक विकास की नई लहर

**दो साल में 38 हजार करोड़ का निवेश, 33 हजार से अधिक रोजगार**

**उज्जैन/नवप्रदेश।** मालवा क्षेत्र, विशेषकर उज्जैन संभाग, तेजी से मध्य प्रदेश का मजबूत औद्योगिक हब बनकर उभर रहा है। पिछले दो वर्षों में उज्जैन संभाग के सात जिलों में 38,506 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जिससे 33,676 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। यह प्रगति मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

यादव की औद्योगिक दृष्टि, औद्योगिक प्रोत्साहन नीति-2025 और राज्यभर में आयोजित इंडस्ट्री कॉन्क्लेवों का परिणाम है। सरकार की सिंगल विंडो क्लीयरेंस प्रणाली, एमपीआईडीसी और जिला प्रशासन के समन्वय से उद्योगों को जमीन, बिजली और पर्यावरण स्वीकृतियों में तेजी मिली है। अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिट के तहत उज्जैन संभाग में 28 इकाइयों का भूमिपूजन व लोकार्पण हो रहा है, जिससे 15,711 करोड़ का निवेश और 12,789 रोजगार सृजित होंगे। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। सरकारी अनुमान के अनुसार, 2030 तक उज्जैन संभाग राज्य की जीडीपी में 5.9 से 6.5 लाख करोड़ रुपये का योगदान दे सकता है और औद्योगिक जीडीपी के दोगुना होने की संभावना है।

## ब्राह्मण समाज का 44वां स्थापना दिवस एवं मालवीय-अटल जयंती समारोह 25 दिसंबर को

**उज्जैन/नवप्रदेश।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज द्वारा 25 दिसंबर 2025 को समाज का 44वां स्थापना दिवस एवं भारत रत्न महामना पं. मदन मोहन मालवीय व अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती भव्य रूप से मनाई जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे सुमन वानिकी, विक्रम विश्वविद्यालय अध्ययनशाला में महामना पं. मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगा। सायंकाल गुमान देव हनुमान महल, पिपली नाका पर सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

समारोह में निर्मोही अखाड़ा महामंडलेश्वर शैलेश आनंद गिरि महाराज एवं महामंडलेश्वर ज्ञान दास जी महाराज की पावन उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में उज्जैन के सांस्कृतिक पुरुष एवं अष्टविनायक मंदिर के निर्माता पं. हेमंत व्यास को महामना पं. मदन मोहन



मालवीय एवं अटल अलंकरण सम्मान से तथा पं. केदारनाथ शुक्ल को अटल अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

इसके साथ ही शिक्षा, विधि, कला, प्रशासन, ज्योतिष, समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, पत्रकारिता, चिकित्सा, वेद, तीर्थ एवं खेल क्षेत्रों की प्रतिभाओं तथा स्व. पं. गणेश शास्त्री नाहरवाला, स्व. श्यामनारायण व्यास और स्व. अर्जुन लाल उपाध्याय की स्मृति में तीर्थ-मंदिर से जुड़े विद्वान विप्रजनों को तीर्थ अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। समारोह को सफल बनाने की अपील समाज के पदाधिकारियों ने की है।

## माँ शिप्रा का पूजन कर सिंहस्थ तैयारियों को लेकर श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा की बैठक हुई संपन्न

**उज्जैन/नवप्रदेश।** बड़ा पुल स्थित श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा परिसर में सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक नासिक से उज्जैन पधारे पंचदशनाम जूना भैरव अखाड़ा एवं पंचदशनाम महाकाल अखाड़ा के श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर राहुल नाथ महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुई। बैठक में देशभर से अखाड़े के पदाधिकारी एवं सेवा से जुड़े साधु-संत उपस्थित रहे। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व सभी संतों द्वारा माँ शिप्रा का विधिवत पूजन किया गया, तत्पश्चात सिंहस्थ से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। राजेश्वर नाथ महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में नासिक एवं उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ को लेकर व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विभिन्न सुझाव प्रस्तुत

किए गए। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि श्रद्धालुओं के लिए दवाइयां, स्वास्थ्य सुविधाएं, शुद्ध पेयजल, पौष्टिक भोजन एवं अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक के दौरान महामंडलेश्वर राहुल नाथ महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि सिंहस्थ में लाखों श्रद्धालु देश-विदेश से पहुंचते हैं। ऐसे में सरकार के साथ-साथ संत समाज का भी यह दायित्व है कि वे श्रद्धालुओं की सेवा में योगदान दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप उज्जैन में 2028 सिंहस्थ की तैयारियां अभी से प्रारंभ कर दी गई हैं और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शहर में विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं, जिससे आने वाले सिंहस्थ का आयोजन भव्य एवं सुव्यवस्थित होगा।बैठक के अंत में सर्वसम्मति से श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के जिला अध्यक्ष एवं अध्यक्ष पद पर अनपढ़ अधिकारी की नियुक्ति की गई तथा उन्हें प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर साईंनाथ महाराज, भैरव गिरी महाराज, रवी गिरी महाराज, काटकर महाराज, नितेश गिरी महाराज, शिवाजी महाराज (उज्जैन), सहयोग गिरी महाराज, राजेश्वर नाथ महाराज (त्र्यंबकेश्वर), राजू महाराज (बुलढाणा), भरत गिरी महाराज (बुलढाणा), वेदांत गिरीजी महाराज, कामाख्यापुत्र हिमालय गिरी बाबा सहित अनेक साधु-संत उपस्थित रहे।

## कलेक्टर सिंह द्वारा सिंहस्थ-2028 के अंतर्गत प्रगतिरत निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया

**उज्जैन/नवप्रदेश।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा बुधवार को सिंहस्थ-2028 महापर्व के अंतर्गत जिले में चल रहे विभिन्न प्रगतिरत निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने उज्जैनः इंदौर रोड के निकट शनि मंदिर के पास स्थित त्रिवेणी ब्रिज क्षेत्र के समीप चल रहे अमृत 2.0

फेसः1 एवं फेसः3 अंतर्गत उज्जैन सीवरेज परियोजना के निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पाइप लेयिंग, मैनहोल, आईसी चेंबर, एचएससी कार्य, रोड रेस्टोरेशन तथा पाइप नेटवर्क की स्थिति का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान पाइप की मोटाई एवं गहराई का अवलोकन कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यों को विभिन्न चरणों में विभाजित कर वहां भी प्रत्येक चरण में दक्षता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान उन्होंने हाउस कनेक्शन की प्रगति की जानकारी भी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि मैनहोल एवं चेंबर के अंदर जोड़ों की फिनिशिंग उच्च गुणवत्ता की हो, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की लीकेज या चोकिंग की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने संबंधित सहायक अभियंता (एई) को इसकी सतत निगरानी करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात कलेक्टर ने इंदौरः उज्जैन रोड के लिंकिंग रोड़ डीमार्ट से एमआरः21 तक चल रहे लगभग 1500 मीटर लंबाई के नवीन मार्ग निर्माण कार्य का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान मार्ग की गुणवत्ता, स्लोप एवं निर्माण मानकों का अवलोकन करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार के समझौता ना किया जाए। पीक्यूसी (पेवमेंट क्वालिटी कंक्रीट) की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य पूर्ण किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जीवनखेड़ी क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सर्विस रोड को भी बेहतर गुणवत्ता के साथ तैयार करने एवं समस्त कार्यों को निर्धारित समय-सीमा से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक?त श्री अभिलाष मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## डॉ. दिल्लीवाल ने महाकाल की तस्वीर भेंट कर किया राष्ट्रीय महासचिव का सम्मान

**उज्जैन/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय, नई दिल्ली में राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी.एल. संतोष का स्वागत डॉ. हितेश दिल्लीवाल उपाध्यक्ष ऑल इंडिया डेंटल सर्जन एवं स्टूडेंट ऑर्गेनाईजेशन (मध्य प्रदेश) द्वारा भगवान महाकाल का पावन दुपट्टा ओढ़ाकर तथा भगवान महाकाल की दिव्य तस्वीर भेंट कर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ किया गया।

डॉ. दिल्लीवाल ने बताया कि इस शिष्टाचार भेंट के अवसर पर संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ दंत चिकित्सकों एवं छात्रों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक एवं सार्थक संवाद भी हुआ।

## प्रशासन गांव की ओर अभियान: कलेक्टर ने जमुनिया खुर्द एवं केलुखेडा की आंगनवाडी केंद्रों का किया निरीक्षण

**माध्यमिक शालाओं में शिक्षक बनकर कलेक्टर ने बच्चो को पढाया गणित**

**नीमच/नवप्रदेश।** जिले में जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को नीमच विकासखण्ड के ग्राम जमुनियाखुर्द एवं केलूखेडा का भ्रमण किया और आंगनवाडी केंद्रों का निरीक्षण कर अर्ली चाईल्ड केयर एज्यूकेशन गतिविधियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने आंगनवाडी के बच्चों से चित्र देखकर, पहचान करने, अंक ज्ञान, अक्षर ज्ञान आदि की जानकारी ली और वर्कबुक के माध्यम से बच्चों को प्रेक्टिस करवाने के निर्देश आंगनवाडी कार्यकर्ता व सुपरवाईजर को दिए। कलेक्टर ने जमुनिया खुर्द आंगनवाडी केंद्र में बाल उपयोगी पेंटिंग करवाने, भवन की रंगाई, पुताई करवाने का कार्य एक सप्ताह में पूरा करवाने के

निर्देश भी पंचायत सचिव को दिए। कलेक्टर ने जुनियाखुर्द व केलूखेडा की आंगनवाडी में कार्यकर्ताओं से कहा, कि वे बच्चों को प्रतिदिन वर्कबुक अनुसार प्रेक्टिस करवाएं। उन्होने बच्चों को वितरित किए जाने वाले दलिया को चखकर उसकी गुणवत्ता परखी और बच्चों को चीनी विहिन नाश्ता व भोजन प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल निगम से चर्चा कर आंगनवाडी स्कूल, भवन तक पेयजल पाईप लाईन बिछाकर नल से जल आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत बुधवार को ग्राम जमुनिया कला व केलुखेडा के भ्रमण दौरान गावों की माध्यमिक शालाओं का निरीक्षण किया और इन विद्यालयों की कक्षा 8वीं में जाकर गणित शिक्षक बनकर स्वयं कलेक्टर ने बच्चों की क्लास ली और उन्हें पढ़ाया। कलेक्टर ने ब्लेक बोर्ड पर गणित के कुछ सवाल लिखकर, बच्चों से हल करवाए और उनके शैक्षणिक स्तर को परखा।

## एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूची को लेकर हुई जिला कांग्रेस की बैठक

**सूची ब्लॉक अध्यक्षों को सौंपी, वे वार्ड स्तर पर पहुंचेंगे ताकि लोग अपना नाम देख सकें**

**28 दिसंबर को उज्जैन जिले की प्रत्येक विधानसभा में मनाया जाएगा कांग्रेस का स्थापना दिवस**

**उज्जैन/नवप्रदेश।** एसआईआर प्रक्रिया के बाद निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रकाशित मतदाता सूची को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक शहर कांग्रेस कार्यालय में 24 दिसंबर को आयोजित की गई। जहां प्रकाशित मतदाता सूची ब्लॉक

कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को बुलाकर उन्हें वितरित की गई ताकि वे वार्ड स्तर तक इस सूची को पहुंचाए जिससे लोग सूची में अपना नाम देख सकें वहीं पार्टी के सभी बीएलए तक यह मतदाता सूची पहुंच सके। विधायक एवं जिलाध्यक्ष महेश परमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में विधायक दिनेश जैन बोस, पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर की उपस्थिति में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित हुई जिसमें विशेष रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी सहित उज्जैन जिले के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहनसिंह पलदुना इंगोरिया ब्लॉक, मधुसुदन भारद्वाज बडनगर ब्लॉक, रईस कुरेशी बडनगर शहर, अनोखीलाल राठौर भाटपचलाना (खरसोद कला) ब्लॉक, जीवन पाटीदार खाचरोद ब्लॉक, राधेश्याम चंद्रवंशी नागदा ग्रामीण ब्लॉक, लोकेश चौहान नागदा ब्लॉक, भरत शर्मा महिदपुर रोड (गोगापुर) ब्लॉक, कैलाश बगाना महिदपुर ब्लॉक, सगीर बैग महिदपुर शहर, कमलसिंह चौहान झारडा ब्लॉक, मनीष शर्मा माकडोन शहर, निहालसिंह गुर्जर माकडोन ब्लॉक, कप्तानसिंह पंवार तराना ब्लॉक, महेश रावल तराना शहर, कैलाश पाण्डेय कायथा ब्लॉक, लोकेन्द्रसिंह पंवार घटिया ब्लॉक, शंकर पटेल उन्हेल ब्लॉक, गुड्डू कुरेशी उन्हेल ग्रामीण ब्लॉक, उमेश वर्मा उज्जैन ग्रामीण ब्लॉक, पदमसिंह पटेल पानबिहार ब्लॉक, गफ्फार पटेल ताजपुर ब्लॉक, संचित शर्मा उज्जैन (उत्तर) महाराजवाडा ब्लॉक, अभिषेक शर्मा (लाला) उज्जैन (उत्तर) जीवाजीगंज ब्लॉक, रहीम शाह लाला उज्जैन (उत्तर) दौलतगंज ब्लॉक, चंद्रभानसिंह चंदेल उज्जैन (दक्षिण) माधवनगर ब्लॉक, दुर्गेश धवन उज्जैन (दक्षिण) अंबेडकर उपब्लॉक, डॉ. बबलू खीची उज्जैन (दक्षिण) शास्त्रीनगर उपब्लॉक मौजूद रहे। इसके साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि 28 दिसंबर को कांग्रेस का स्थापना दिवस प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मनाया जाएगा।

## चक्रतीर्थ पर एयरपोर्ट की तर्ज पर टेंसाइल फैब्रिक शेड तैयार, 1 करोड़ से अधिक की लागत से सौंदर्यकरण पूर्ण

**उज्जैन/नवप्रदेश।** चक्रतीर्थ पर आने वाले नागरिकों की सुविधा एवं स्थल के सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए उज्जैन नगर पालिक निगम द्वारा एयरपोर्ट की तर्ज पर टेंसाइल फैब्रिक शेड सहित विकास कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। इन कार्यों पर 01 करोड़ रुपये से अधिक की राशि व्यय की गई है। महापौर मद से 76 लाख रुपये की लागत से 80 मीटर लंबे विशेष डोम टेंसाइल फैब्रिक शेड का निर्माण महापौर श्री मुकेश टटवाल के निर्देश पर कराया गया है। इसके अलावा निगम मद से 25 लाख रुपये की लागत से अन्य आवश्यक कार्य किए गए हैं, जिनमें दाह संस्कार स्थल पर पुराने पतरे के शेड हटाकर नए शेड लगाना, बैठने हेतु कुर्सियां, रंगाई-पुताई, टॉयलेट निर्माण एवं संधारण, ओटलों का निर्माण, उनकी रंगाई-पुताई एवं मार्किंग कार्य शामिल हैं। महापौर श्री टटवाल ने बताया कि टेंसाइल फैब्रिक शेड से नागरिकों को गर्मी, धूप और बारिश से राहत मिलेगी तथा चक्रतीर्थ की सुंदरता में भी वृद्धि होगी। शेड निर्माण में सुरक्षा के सभी मानकों का पालन किया गया है, पाइप लगाने हेतु 6 फीट गहरे गड्ढे किए गए हैं, जिससे यह शेड दीर्घकाल तक सुरक्षित रहेगा।

यह संपूर्ण कार्य कार्यपालन यंत्री श्री पी.सी. यादव, सहायक यंत्री श्री डी.एस. परिहार एवं उपयंत्री श्री प्रवीण वाडिया की सतत मॉनिटरिंग में संपन्न हुआ।

स्वत्वाधिकारी,प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नं. 03 नेशनल प्रेस एरिया लिंक रोड नं. 3 से मुद्रित कर ई -2/237 अरेरा कॉलोनी भोपाल से प्रकाशित मो. 9425237314 Email- navpradeshbhopal@gmail.com (न्याय क्षेत्र भोपाल)

## निर्वाचक नामावली के प्ररूप के प्रकाशन की सूचना

**नारायणपुर/नवप्रदेश।** नारायणपुर निर्वाचक क्षेत्र के निर्वाचकगण को सूचना दी जाती है कि निर्वाचक नामावली निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के अनुसार तैयार हो गई है और उसकी एक प्रति कार्यालय के समय के दौरान कार्यालय में और सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। है। निर्वाचक नामावली के तैयार किए जाने की अर्हक तारीख 01 जनवरी 2026 है। यदि पूर्वोक्त अर्हक तारीख के संदर्भ में, नामावली में किसी नाम को सम्मिलित किए जाने के लिए कोई दावा या किसी नाम के सम्मिलित किये जाने के लिए कोई आक्षेप किया जाता है या किसी प्रविष्टि की विशिष्टियों की बाबत कोई आक्षेप हो तो वह 22 जनवरी 2026 तक या उससे पूर्व प्ररूप 6, 7 या 8 में से जो समुचित हो, उस प्ररूप में दाखिल किया जाए। एक पात्र नागरिक जो 01 जनवरी 2026 वर्ष में पश्चातवर्ती अर्हता तारीखों अर्थात् 01 अप्रैल 2026, 01 जुलाई 2026 या 01 अक्टूबर 2026 में से किसी को अठारह वर्ष की आयु प्राप्त करने वाला है, वह भी सूचना की तारीख से अग्रिम में प्ररूप 6 में निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित करने के लिए दावा कर सकेगा और उस पर संबंधित अर्हता तारीख के संदर्भ में संबंधित तिमाही में विचार और विनिश्चय किया जायेगा।

## पटना तहसील के पटवारी अमरेश कुमार पाण्डेय निलंबित

### वायरल वीडियो में शासकीय कार्य के एवज में पैसे की मांग

**कोरिया/नवप्रदेश।** जिले के पटना तहसील में पटवारी अमरेश कुमार पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई 23 दिसंबर 2025 को वायरल सोशल मीडिया वीडियो के आधार पर की गई है, जिसमें वे हल्का नंबर 06 अमहर रा.नि.मं. क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय कार्य के एवज में पैसे की मांग करते नजर आ रहे हैं।

आदेश क्रमांक 4729/अ.वि.अ./का.गो./2025 के अनुसार, श्री पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण नियम) 1965 के नियम 03 का उल्लंघन किया गया। जो कि यह कृत्य को कदाचार की श्रेणी में आता है। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 09 (1) के तहत निलंबन का आदेश जारी किया गया। निलंबन अवधि में उन्हें शासन के निर्देशानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। साथ ही, उनका मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैकुण्ठपुर में निर्धारित किया गया है। जिला प्रशासन ने इस मामले में सख्ती बरतते हुए भ्रष्टाचार पर लगाम कसने का संदेश दिया है। वायरल वीडियो में उनकी संलिप्तता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही है, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई की गई।

## बड़ेतेवड़ा मामले को लेकर कलेक्टर ने की प्रशासनिक सर्जरी

**कांकेर/नवप्रदेश।** बड़ेतेवड़ा हिसंक मामले और सर्व समाज के छत्तीसगढ़ बंद को देखते हुए कलेक्टर ने प्रशासनिक सर्जरी करते हुए सर्व समाज की मांग पर मुहर लगा दिया है। अंतागढ़ एसडीम और आमाबेड़ा तहसीलदार को हटा दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार अंजोर सिंह पैकरा अपर कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अन्तागढ़ को तत्काल प्रभाव से उनके वर्तमान दायित्वों से मुक्त करते हुए आगामी आदेश पर्यन्त अपर कलेक्टर, जिला कार्यालय कांकेर में पदस्थ किया गया है। उनके स्थान पर श्री राहुल रजक, डिप्टी कलेक्टर को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अन्तागढ़ का संपूर्ण प्रभार आगामी आदेश पर्यन्त सौंपा गया है। इसी क्रम में श्री सुधीर कुमार खलखो तहसीलदार आमाबेड़ा को उनके वर्तमान दायित्व से पृथक करते हुए उन्हें नजूल पट्टों की जांच एवं नवीनीकरण कार्य हेतु तहसीलदार नजूल (जिला नजूल शाखा) में अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया गया है। उनकी जगह श्री कुणाल सरवैया तहसीलदार (संलग्न जिला नजूल शाखा, जिला कार्यालय कांकेर) को तहसील आमाबेड़ा का संपूर्ण प्रभार आगामी आदेश पर्यन्त सौंपा गया है।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 05 जनवरी को

**कोरिया/नवप्रदेश।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दि है कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की 05 जनवरी 2026 को दोपहर 2.00 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आहूत की गई है। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मोहित राम पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो, श्रीमती संगीता सोनवानी, श्री राजेश कुमार, श्रीमती गीता राजवाड़े, श्री सुरेश सिंह, श्रीमती शिवकुमारी, श्रीमती सुषमा कोराम, श्रीमती स्नेहलता उदय गोंड़ और जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर एवं सोनहत के अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है। बैठक में विभागीय योजनाओं के प्रगति एवं क्रियान्वयन व अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित 15 जनवरी तक

**कोरिया/नवप्रदेश।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, शिक्षा महाविद्यालय, डाईट, आई.टी.आई.,पॉलिटेक्निक आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं अध्ययनरत् अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्याथियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है संस्था के प्राचार्य एंव प्रमुखों को सूचित करते हुए कहा कि शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही https://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ पर आनलाईन आवेदन पत्र भरा जाना है। उन्होंने बताया कि छात्रवृति हेतु विद्यार्थी नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 15 जनवरी 2026 तक, ड्राफ्ट प्रोपोजल लॉक करने हेतु 5 फरवरी 2026 तक एवं सेंक्शन ऑडर लॉक करने 08 फरवरी 2026 तक निर्धारित है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पोर्टल बंद कर दिया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ महिला कोष से महिला हितग्राहियों एवं स्व सहायता समूहों को ऋण वितरण

**कोरिया/नवप्रदेश।** शासन के आदेशानुसार एवं कलेक्टर कोरिया में निर्देशन में प्रशासन गावं की ओर कार्यक्रम का अयोजन जिले के अलग-अलग स्थानों पर किया गया, जिसमें शासन के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुंचाने निर्देश प्राप्त हुए है, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग कोरिया के द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं को सुक्ष्म उद्यम के लिए छत्तीसगढ़ महिला कोष योजना अंतर्गत राशि ऋण के रुप में उपलब्ध कराये जाते हैं, जो कि महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में सहायता प्रदान करता है। इस राशि से महिलाएं छोटे-छोटे उद्यम के संचालन करती हैं, अपने परिवार का देख-रेख एवं भरण-पोषण करने में अपने आप को सक्षम महसूस करतीं है। जिले में चल रहे प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में 14 महिला हितग्राहियों को कुल राशि 10.60 (दस लाख साठ हजार रुपये मात्र) एवं 02 स्व सहायता समूह को कुल राशि 3.00 (तीन लाख रुपये मात्र रुपये) की राशि ऋण के रुप में प्रदान किया गया।

# धर्मांतरण के विरोध में कांकेर पूरी तरह बंद रहा

## चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवान तैनात, सर्व समाज ने अपनी अहम मांगें रखी

- **एसपी के स्थानांतरण के बाद अंतागढ़ एसडीएम तहसीलदार पर कार्यवाही की मांग**
- **सफल बंद को लेकर सर्व समाज ने जनता का माना आभार**

**कांकेर/नवप्रदेश।** बीते दिनों आमाबेड़ा के बड़ेतेवड़ा में हुई धर्मांतरण को लेकर हिसंक प्रदर्शन के बाद सर्व समाज के निर्णय के बाद 24 दिसंबर को छत्तीसगढ़ बंद किया गया था। बड़े तेवड़ा विवाद के बाद कांकेर बंद का ज़बरदस्त असर देखने को मिला। कांकेर जिला का चारामा अंतागढ़ नरहरपुर लखनपूरी कोयलीबेड़ा पखांजुर दुर्गूकोंदल भानुप्रतापपुर ब्लॉक पूरी तरह से बंद का असर रहा।कांकेर जिले में सुबह से ही व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहा। चाय पान ठेला पूर्णतः बंद रहा। डेली मार्कट में रोजाना सब्जी पसरा भी पूरी तरह बंद रहा।मुख्यालय का हृदय स्थल पुराना बस स्टैंड मस्जिद चौक सेन चौक घड़ी चौक में सर्व समाज ने रैली निकालकर लोगो से बंद का आव्हान किया गया।

सर्व समाज ने ऐतिहासिक बंद को लेकर कांकेर जिले की जनता का आभार जताते हुए कहा कि सर्व समाज छत्तीसगढ़ यह स्पष्ट रूप से अवगत कराता है कि प्रदेश में लगातार उत्पन्न हो रही सामाजिक अशांति, जनजातीय आस्था पर आघात तथा संगठित रूप से पैदा किए जा रहे सांस्कृतिक टकराव के विरोध में दिनांक 24 दिसंबर 2025 को प्रदेशव्यापी छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया गया है। यह बंद पूर्णतः शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक दायरे में किया गया।जिसमें सर्व समाज के विभिन्न सामाजिक, जनजातीय एवं नागरिक संगठन ने अपनी जिम्मेदारी निर्वहन किया गया।

सर्व समाज, छत्तीसगढ़ यह बताना चाहता है कि कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र में हाल ही में घटित घटना कोई पहली या एकमात्र घटना नहीं है। इस प्रकार की घटनाएं इससे पूर्व भी छत्तीसगढ़ के ना सिर्फ़ जनजातीय एवं ग्रामीण अंचलों में सामने आती रही हैं, बल्कि कई बार मैदानी क्षेत्रों में भी विवाद की स्थिति बनी है। एक निश्चित पैटर्न के अंतर्गत ईसाई मिशनरियों एवं उनसे जुड़े कन्वर्जन-प्रेरित समूहों द्वारा सुनियोजित ढंग से ऐसे हालात निर्मित किए जा रहे हैं, जिनसे समाज में तनाव, टकराव और सामाजिक वैमनस्य फैल रहा है। दुर्भाग्यवश, इन घटनाओं का सीधा दुष्परिणाम सर्व समाज, विशेषकर जनजातीय समुदायों को भुगतना पड़ रहा है।आमाबेड़ा की घटना ने इस वास्तविकता को और अधिक उजागर किया है कि पाँचवीं अनुसूची के अंतर्गत अधिसूचित जनजातीय क्षेत्रों में ग्राम सभा की भूमिका, जनजातीय आस्था एवं परंपराओं की संवैधानिक सुरक्षा को गंभीर रूप से नजरअंदाज किया गया। स्थानीय विरोध और संवैधानिक प्रावधानों के बावजूद जिस प्रकार जिला पुलिस-प्रशासन की निष्क्रियता भीम आर्मी जैसे बाहरी संगठनों की संगठित भूमिका तथा पक्षपातपूर्ण कार्रवाइयां सामने आईं है उसने जिला पुलिस-प्रशासन की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं।इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए सर्व समाज, छत्तीसगढ़ अपनी निम्नलिखित स्पष्ट, वैधानिक एवं न्यायसंगत 05 मांगें शासन के समक्ष रखता है।राज्य में धर्म स्वातंर्त्य विधेयक को यथाशीघ्र प्रभावी एवं सख्ती के साथ लागू किया जाए, जिससे प्रलोभन, दबाव अथवा षड्यंत्रपूर्वक किए जा रहे धर्मांतरण पर नियंत्रण स्थापित हो सके। साथ ही पूरे प्रदेश में कन्वर्जन के माध्यम से उत्पन्न की जा रही सामाजिक वैमनस्य की परिस्थितियों को गम्भीरता से लेते हुए शासन-प्रशासन सख्ती बरतें, एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करे। जिले में जनजातीय समाज पर हुए संगठित हमले के लिए जिम्मेदार भीम आर्मी से जुड़े तत्वों एवं कन्चटेंड ईसाई समूहों के सभी आरोपियों के विरुद्ध कठोरतम धाराओं के अंतर्गत तत्काल कार्रवाई की जाए।जनजातीय समाज के लोगों के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार करने तथा शांतिपूर्ण ग्रामीणों पर असंगत एवं अत्यधिक पुलिस बल का प्रयोग करने के गंभीर आरोपों को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक, कांकेर इंदिरा कल्याण एलेसेला का शासन द्वारा किया गया स्थानांतरण पर्याप्त नहीं है। हमारी मांग है कि उन्हें तत्काल निलंबित किया जाए तथा उनकी संदिग्ध भूमिका की स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।शव दफ्न की प्रक्रिया के दौरान पक्षपातपूर्ण प्रशासनिक रवैया अपनाने तथा हिंदू समाज पर दुर्भावनापूर्ण एवं असत्य आरोप लगाने वाले एसडीएम ए.एस. पैकरा एवं तहसीलदार सुधीर खलखो को निलंबित कर उनकी संदिग्ध भूमिका की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए। जनजातीय ग्रामीणों के विरुद्ध पक्षपातपूर्ण ढंग से की गई पुलिस एवं प्रशासनिक कार्रवाइयों को तत्काल निरस्त किया जाए, उन पर लगाए गए आपराधिक प्रकरणों एवं धाराओं को वापस लिया जाए, तथा हिंसा एवं बल प्रयोग से पीड़ित ग्रामीणों को समुचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

सर्व समाज, छत्तीसगढ यह स्पष्ट करना चाहता है कि यह आंदोलन किसी धर्म या समुदाय के विरुद्ध नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों, जनजातीय आस्था, सामाजिक समरसता और प्रदेश में कानून के शासन की रक्षा के लिए है। यदि शासन प्रशासन समय रहते निष्पक्ष एवं ठोस निर्णय लेने में विफल रहता है तो सर्व समाज को लोकतांत्रिक एवं कानूनी दायरे में अपने आंदोलन को और व्यापक करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होने की बात कही गई है।

# सड़क नवीनीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश,बनेगी शानदार सड़क: विधायक

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केशकाल एवं अटल परिसर का भी किया निरीक्षण

**केशकाल/नवप्रदेश।** विधायक नीलकंठ टेकाम ने 23दिसंबर को केशकाल की सड़क नवीनीकरण कार्य का निरीक्षण किया एवं कार्य में तेजी लाने अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि बहुत जल्द शहर वासियों को एक मजबूत सड़क बनकर मिलेगी। विधायक ने कहा कि कई महीनो से केशकाल नगर वासी एवं बस्तर से गुजरने वाले लोग केशकाल की जर्जर सड़क को लेकर काफी चिंतित थे लेकिन हमारे अथक प्रयास से अब यह सड़क बहुत जल्द ही पूर्ण होकर लोगों को मिलेगी। सड़क निर्माण में उच्च गुणवत्ता के साथ सड़क का निर्माण हो इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। एवं कार्य में तेजी लाने कहा गया है।

विधायक नीलकंठ टेकाम केशकाल के बस स्टैंड के पीछे बन रहे अटल परिसर का भी निरीक्षण किया, साथ ही केशकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए, विधायक नीलकंठ टेकाम के प्रयास से विधानसभा के केशकाल में लगातार कई महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण हो रहे हैं वर्षों से लंबित मांगों पर भी ध्यान देते हुए केशकाल विधायक ने कई ऐसे कार्य स्वीकृत करवाएं हैं जिसकी मांग पिछले 10-15 सालों से होती रही है अपने 2 साल के कार्यकाल में विधायक नीलकंठ टेकाम विधानसभा क्षेत्र केशकाल में करोड़ों के कार्य स्वीकृत कराकर जनता को समर्पित किए हैं।

विधानसभा केशकाल में अब तक सबसे ज्यादा कार्य इस दो सालों में स्वीकृत हुए हैं, विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि आने वाले दिनों में और भी कई ऐसे महत्वपूर्ण मांग हैं जो कई वर्षों से की जा रही थी उसे भी स्वीकृत कराकर पूर्ण किया जाएगा केशकाल में बन रहे सड़क नवीनीकरण कार्य का विधायक नीलकंठ टेकाम बीच-बीच पर अवलोकन एवं निरीक्षण करते रहे हैं एवं अधिकारियों को निर्देश देते रहे हैं की गुणवत्ता पूर्ण कार्य एवं तेजी से कार्य पूर्ण हो ताकि अति शीघ्र केशकाल की जनता एवं केशकाल शहर से गुजरने वाली लोगों को एक शानदार सड़क मिल सके।

## पालिटेक्निक कॉलेज में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस सह जागरूकता शिविर का आयोजन

**कांकेर/नवप्रदेश।** राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर के निर्देशानुसार 24 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नथियानवागांव में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया द्य उक्त शिविर में जिला उपभोक्ता आयोग कांकेर की अध्यक्ष श्रीमती सुजाता जसवाल एवं सदस्य डाकेश्वर सोनी द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाये जाने तथा उसके उद्देश्य के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तार से बताया गया द्य जिला उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष सुजाता जसवाल द्वारा उपभोक्ता कानून की जानकारी उपस्थित लोगों को प्रदान कर ई हियरिंग एवं ई फाइलिंग के संबंध में विस्तार से बताते हुए कहा कि अब आमजन को उपभोक्ता कानून का लाभ प्राप्त करने के लिए जिला आयोग की दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी और आप घर बैठे ही ई जागृति पोर्टल के द्वारा अपने मोबाईल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं ।राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस में इस वर्ष डिजिटल जस्टिस के माध्यम से प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण के संबंध में भी जानकारी दिया गया द्य

इस अवसर पर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र सिंह, शिक्षक अभिजात शुक्ला, खाद्य विभाग से फूड इंस्पेक्टर उमेश सिन्हा, कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाये, विद्यार्थियों सहित जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी संजय कश्यप, रविंद्र ठाकुर, दीपक ध्रुव, भारती जाधव, मिथिला गोयल उपस्थित थे।

# मनरेगा की मदद से आई उर्मिला के आंगन में खुशहाली की नई धारा

**कोरिया/नवप्रदेश।** जिले में महात्मा गांधी नरेगा से कई ग्रामीण परिवारों के दैनिक जीवन में बड़ा बदलाव हो रहा है। यह व्यक्तिगत और सामुदायिक दोनों तरह के कार्यों का सफल परिणाम है। ऐसे ही एक किसान परिवार के लिए मनरेगा की एक छोटी सी मदद ने किसान परिवार का जीवन बदल दिया है। जिला कोरिया के जनपद पंचायत सोनहत के अंतर्गत आने वाले ग्राम कैलाशपुर में रहने वाली उर्मिला और उनके पति मंगल के लिए पानी कभी एक बड़ी चुनौती हुआ करता था। लेकिन आज, उनके घर की बाड़ी में बना एक कुआं न केवल उनकी प्यास बुझा रहा है, बल्कि उनकी आर्थिक समृद्धि का आधार भी बन गया है।

### संकट से समाधान तक का सफर

उर्मिला का परिवार लंबे समय से पानी की किल्लत से जूझ रहा था। दैनिक उपयोग और पीने के साफ पानी के लिए उन्हें दूर स्थित हैंडपंप तक कई चक्कर लगाने पड़ते थे। पानी की कमी इतनी अधिक थी कि वे अपनी जमीन पर खेती या सब्जी उगाने के बारे में सोच भी नहीं सकते थे। उनकी आर्थिक स्थिति और जीवन स्तर पानी की इस कमी के कारण स्थिर हो गया था। उनकी इस समस्या को देखते हुए, वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना के तहत 'व्यक्तिगत कूप निर्माण कार्य' की स्वीकृति मिली। इस परियोजना के लिए 2 लाख 59 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई और कार्यान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायत कैलाशपुर के माध्यम से समय पर निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया।

### बदलता जीवन और आर्थिक विकास

कुआं बनने के बाद उर्मिला के परिवार में कई बदलाव आए हैं जिनमें प्रमुख तौर पर समय की बचत शामिल है। अब उन्हे पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़ता, जिससे घर की महिलाओं का समय और श्रम बच रहा है। सिंचाई की सुविधा बढ़ गई है। कुएं में पर्याप्त जल होने के कारण अब परिवार अपनी बाड़ी में रबी की फसलें ले पा रहा है। उर्मिला अब अपने खेत में आलू, गोभी और मटर जैसी सब्जियां उगाकर इन सब्जियों को बाजार में बेचकर वे हर सप्ताह अच्छी कमाई कर रही हैं।

### एक कूप ने बदला जीवन

अपनी खुशी साझा करते हुए उर्मिला कहती हैं, ÷इस कुएं ने हमारी सारी समस्याओं को एक साथ खत्म कर दिया है। पहले हमें पीने के पानी के लिए भी संघर्ष करना पड़ता था, लेकिन अब हमारे पास जरूरत से ज्यादा पानी है। अब हम बाड़ी में सब्जियां उगाकर पैसे कमा रहे हैं। इस कुएं ने हमारी जिंदगी को तनावमुक्त और खुशहाल बना दिया है।÷उर्मिला की यह कहानी इस बात का प्रमाण है कि सरकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन कैसे एक गरीब परिवार को आत्मनिर्भर बना सकता है।

## प्रथम पेज का शेष

**साहित्यिक जगत के स्तंभ ...**

जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विनोद कुमार शुक्ल का जाना हिंदी साहित्य के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि शुक्ल जी के रचनात्मक योगदान और विशिष्ट लेखन शैली को आने वाली पीढियां सदैव स्मरण रखेंगी। अपनी सरल भाषा, गहन संवेदना और मानवीय अनुभवों को साहित्य के धागे में पिरोने वाले विनोद कुमार शुक्ल का जाना हिंदी साहित्य के एक गौरवशाली युग का अंत माना जा रहा है।

**दिव्या, तेजस्विन और...**

टीम में भी अहम भूमिका निभाई। इस साल एक और ऐतिहासिक फैसला लेते हुए चयन समिति ने योगासन खिलाड़ी आरती पाल को अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित किया है। खेल मंत्रालय से औपचारिक मान्यता मिलने के पांच साल बाद यह पहला मौका है जब किसी योगासन खिलाड़ी को यह सम्मान मिलने जा रहा है। आरती वर्तमान में राष्ट्रीय और एशियाई चैंपियन हैं, और यह खेल 2026 एशियाई खेलों में प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल होगा। अर्जुन पुरस्कार के लिए चुने गए अन्य प्रमुख नामों में शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती, एशियाई खेल 2023 के रजत पदक विजेता तेजस्विन शंकर, निशानेबाज मेहुली घोष, जिमनास्ट प्रणति नायक, और भारत की शीर्ष महिला बैडमिंटन जोड़ी त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद शामिल हैं। गायत्री, राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच और पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन पुलेला गोपीचंद की बेटी हैं।

**भारत ने बांग्लादेश के हाई ...**

हालात बिगाडने की मंशा से कुछ संगठनों द्वारा घोषणाएं की जा रही हैं, जिन पर बांग्लादेशी उच्चायुक्त का ध्यान दिलाया गया। भारत ने हालिया घटनाक्रमों को लेकर फैलाए जा रहे झूठे और भ्रामक नैरेटिव को भी खारिज किया और कहा कि चरमपंथी तत्व जानबूझकर गलत जानकारी फैला रहे हैं। मंत्रालय ने यह भी अफसोस जताया कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अब तक न तो इन घटनाओं की गहन जांच की है और न ही भारत के साथ कोई ठोस सबूत साझा किए हैं।

**अटल जी ने लोक कल्याण**

उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। प्रदेश सरकार ने अटल जी के आदरांजलि स्वरूप उद्योग एवं रोजगार को बड़ावा देने के साथ-साथ गाँवों के समग्र विकास का बीड़ा उठाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह भी कहा कि अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ग्वालियर में आयोजित होने जा रही एमपी ग्रोथ समिट में 2 लाख करो? रुपए से अधिक के निवेश प्रस्तावों के भूमिपूजन व लोकार्पण होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अटल जी की भावनाओं के अनुरूप प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। वर्तमान में 54 लाख हैक्टेयर रकबे में सिंचाई हो रही है, जिसे हम ब?ाकर 100 लाख हैक्टेयर तक ले जायेंगे। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि ÷हर हाथ को काम व हर हाथ को पानी÷ मिले।

**सीएम यादव ने लिया अभ्युदय**

संबंधित अधिकारियों को समिट को पूरी भव्यता के साथ आयोजित करने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, पूर्व मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया तथा प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं प्रमुख सचिव उद्योग श्री राघवेन्द्र सिंह, संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री, पुलिस महानिरीक्षक श्री अरविंद कुमार सक्सेना, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

**अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष में**

विश्वविद्यालय की स्थापना कर पवित्र कार्य किया। इसके लिए उन्होंने अखिल भारतीय भ्रमण कर राशि भी जुटाई थी। आज बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के आचार्य एवं विधार्थी दुनिया में ख्याति प्राप्त कर रहे हैं। इसी प्रकार रावतपुरा विश्वविद्यालय में भी विद्यार्थियों को नीति और संस्कार आधारित शिक्षा प्रदान की जा रही है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने विरासत का संरक्षण करते हुए विश्वविद्यालयों के कुलपति को कुलगुरु का नाम दिया है। गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले होते हैं।

# दिल्ली में ग्रेप 4 लागू... फिर भी प्रदूषण नियमों पर उड़ रही धूल

नई दिल्ली। राजधानी में ग्रेप का चौथा चरण लागू हो चुका है, जिसका उद्देश्य वायु गुणवत्ता को नियंत्रित करना और आम लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा करना है। इसके बावजूद सरकारी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, जिससे राजधानी में वायु गुणवत्ता लगातार खराब होती जा रही है। मंगलवार को मयूर विहार इलाके में सड़क किनारे कूड़ा जलते हुए देखा गया। कूड़ा जलाना ग्रेप के तहत पूरी तरह से प्रतिबंधित है, क्योंकि इससे जहरीली गैसें और कण वायु में फैलते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रदूषण से पीएम2.5 और पीएम10 का स्तर तेजी से बढ़ता है, जो सांस संबंधी बीमारियों और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिम्मेदार हैं।

नई दिल्ली के कुछ इलाकों में निर्माण कार्य चल रहा था, लेकिन वहां ग्रीन नेट या धूल रोकने वाले उपकरण नहीं लगाए गए थे। यही नहीं, अप्सरा बॉर्डर के पास सड़क पर बसों के लगातार चलने से भी धूल का गुबार उठता दिखा। यह दृश्य मानों ऐसा लग रहा हो, जैसे कोई धूल भरी आंधी चल रही हो। इससे आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों को मजबूरन परेशान झेलनी पड़ी। उड़ती धूल ने वायु गुणवत्ता पर नकारात्मक असर डाला और पर्यावरण कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह सीधे तौर पर आम लोगों की सेहत को प्रभावित करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, ग्रेप लागू होने के बावजूद नियमों की अनदेखी से राजधानी में प्रदूषण नियंत्रण की प्रभावशीलता कमजोर पड़ रही है। पर्यावरण कार्यकर्ताओं और विशेषज्ञों ने अधिकारियों से निर्माण स्थलों पर ग्रीन नेट लगाने, कूड़ा जलाने पर सख्त प्रतिबंध लगाने और सड़क धूल पर नियमित निगरानी करने का अनुरोध किया है।

## बैन के बावजूद कूड़े के ढेरों में आग लगने के बारे में 4,753 कॉल मिली



*अग्निशमन विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, बैन के बावजूद इस साल 30 नवंबर तक दिल्ली में कूड़े के ढेरों में आग लगने के बारे में 4,753 कॉल आईं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 4,676 कॉल आई थीं। यानी इस वर्ष इस तरह की घटनाएं अधिक सामने आई हैं। इस वर्ष केवल अप्रैल माह में ही 1,030 कूड़े में आग लगने की घटनाएं सामने आईं, जबकि नवंबर माह में जब ग्रेप-4 की पाबंदियां लागू थीं, उसमें 973 ऐसी घटनाएं सामने आईं। यही नतीजा है कि नगर निगम और लोगों की लापरवाही से सांसों पर संकट बना हुआ है। एक अग्निशमन विभाग अधिकारी के मुताबिक, दिल्ली में कूड़े में आग लगने की घटनाएं खासकर यमुनापार, गाजीपुर लैंडफिल और अन्य इलाकों से अधिक सामने आ रही हैं, जिससे भीषण प्रदूषण और स्वास्थ्य समस्याएं हो रही हैं।*

# दिल्ली में रहा बीमार हो गया', 40 फीसदी प्रदूषण के लिए हम ही जिम्मेदार : गडकरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया है और इसे इंसानी स्वास्थ्य के लिए खराब बता दिया गया है। अब केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी दिल्ली के प्रदूषण को लेकर चिंता जाहिर की है और कहा है कि दिल्ली बेहद प्रदूषित है। एक किताब के विमोचन के कार्यक्रम में नितिन गडकरी ने कहा, 'मैं दो दिन दिल्ली में रहा और मुझे संक्रमण हो गया।'

नितिन गडकरी ने बताया, 'आज भी हम कच्चे तेल के आयात पर 22 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। देश में प्रदूषण हो रहा है, ये कैसा राष्ट्रवाद है? आज अगर कोई असल राष्ट्रवाद है तो वो आयात घटाने और निर्यात बढ़ाने में है। क्या हम वैकल्पिक ईंधन और बायो ईंधन में आत्मनिर्भर भारत नहीं बना सकते।'

गडकरी ने कहा, 'मैं 100 फीसदी इथेनॉल पर चलने वाली गाड़ी से यहां आया हूं। 60 प्रतिशत बिजली तैयार करती है और 25 रुपये प्रतिकिलोमीटर का औसत देती है। प्रदूषण शून्य है। हम हाइड्रोजन बना रहे हैं, इलेक्ट्रिक गाड़ियां बना रहे हैं।'

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बोले- ये कैसा राष्ट्रवाद है?

'माइ आइडिया ऑफनेशन फर्स्ट- रीडिफाइन अनएलॉयड नेशनलिज्म' नामक किताब का विमोचन करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, 'मैं परिवहन मंत्री हूं, 40 प्रतिशत प्रदूषण तो हमारे ही कारण होता है। इसकी वजह है कि जीवाश्म ईंधन, पेट्रोल-डीजल है। सुदर्शन जी कितनी बार कहते थे कि इस देश का किसान अन्न दाता नहीं ऊर्जा दाता बनेगा। हवाई ईंधन दाता बनेगा। अब सब बन गया है, पर कोई विश्वास रखने के लिए तैयार नहीं है।'

### हाइड्रोजन ऊर्जा निर्यातक बनने की राह पर देश

हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, 'देश अगले दशक के भीतर हाइड्रोजन ऊर्जा का निर्यातक बनने की राह पर है। हाइड्रोजन, पोत परिवहन, विमानन, उद्योग और स्मार्ट परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।' उन्होंने कहा, सरकार लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए कड़े कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार देश भर में 28 पहुंच-नियंत्रित एक्सप्रेसवे बनाने की प्रक्रिया में है। केन्द्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि सरकार दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सड़क विकास परियोजनाओं में एक लाख 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश कर रही है।

# ठाकरे बंधुओं के गठबंधन पर फडणवीस का तंज

## 'ऐसे दिखा रहे हैं जैसे पुतिन-जेलेंस्की साथ आ गए': फडणवीस

**मुंबई।** ठाकरे बंधु बीएमसी चुनाव के लिए साथ आए हैं। बुधवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने शिवसेना यूबीटी और मनसे के गठबंधन का एलान किया। हालांकि सीएम फडणवीस के एक बयान से लग रहा है कि भाजपा ने ठाकरे बंधुओं के इस गठबंधन को कोई तवज्जो नहीं दी है। सीएम फडणवीस ने कहा, 'शिवसेना यूबीटी और मनसे के गठबंधन को ऐसे प्रचारित किया जा रहा है, जैसे रूस और यूक्रेन साथ आ गए हो और जेलेंस्की और पुतिन बातचीत कर रहे हो।' शिवसेना यूबीटी और मनसे पर निशाना साधते हुए कहा, 'दोनों पार्टियां अस्तित्व के संकट से जूझ रही हैं, इन पार्टियों ने बार-बार अपनी भूमिकाएं बदलकर लोगों के बीच अविश्वास पैदा किया है, इन्होंने तुष्टिकरण की राजनीति कर अपना वोटबैंक खो दिया है। इनके साथ आने से कौन सा फर्क पड़ने

वाला है। अगर ये अपना अस्तित्व बचाने के लिए साथ आ रही हैं तो ये चुनाव नहीं जीत सकते। दोनों भाईयों की अब कोई विचारधारा नहीं बची है, ये सिर्फअवसरवादिता की राजनीति कर रहे हैं।'

### अघाड़ी पर उद्धव का तंज

महाविकास अघाड़ी के सवाल पर उद्धव ने चुटकी ली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तो जाहिर कर ही दिया है। अब हम और क्या बोलें कि टूट गया है, टूट गया है? ...क्या अघाड़ी अब भी कायम है, इस पर भी उद्धव ने तंज कसते हुए कहा कि हां, सारे दल तो बाहर हो गए हैं, फिर भी आप कह सकते हैं कि महाविकास अघाड़ी अटूट है।

## बीएमसी चुनाव साथ लड़ेंगे मनसे और शिवसेना-यूबीटी

### मराठी लोग अब चूके तो खत्म हो जाएंगे : उद्धव

**मुंबई।** महाराष्ट्र की सियासत में ठाकरे बंधुओं ने एक बड़ा फैसला लेकर सबको चौंका दिया है। 20 साल बाद उद्धव-राज ठाकरे एक साथ चुनाव लड़ने जा रहे हैं। शिवसेना (यूबीटी) और मनसे मिलकर बीएमसी चुनाव लड़ेंगे। बुधवार को दोनों भाईयों ने संयुक्त प्रेस वार्ता करके इसका एलान किया। घोषणा से पहले उद्धव ठाकरे और एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे ने अपने परिवारों के साथ शिवाजी पार्क में बालासाहेब ठाकरे के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उद्धव ने भाजपा के नारे की तर्ज पर मराठियों से किया

आह्वान। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हम साथ रहने के लिए ही एकजुट हुए हैं। मुंबई या महाराष्ट्र पर किसी ने टेढ़ी नजर डाली, तो उसकी सियासत खत्म कर देंगे, यह शपथ लेकर हम साथ आए हैं। विधानसभा चुनाव के वक्त भाजपा ने यह गलत प्रचार किया था कि कटेंगे, तो बटेंगे। इसी पर अब हम मराठी लोगों से यह कहना चाहते हैं कि अगर अब चूक गए, तो खत्म हो जाओगे। अगर आपस में फूट पड़ी, तो पूरी तरह खत्म हो जाओगे।

## कब्जा कोई भी करेगा छोड़ूंगा नहीं, बुलडोजर नहीं रूकेगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधानसभा में विपक्ष के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा, मुझे इस बारे में प्रसन्नता है, सुरक्षा का जो माहौल हमने दिया। आपने क्या किया क्या नहीं किया उत्तर प्रदेश की जनता ने रिजल्ट दिया है, हमने क्या किया है क्या नहीं किया है, उत्तर प्रदेश की जनता ने रिजल्ट दे

रही है, आगे भी देगी। आगे मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे बारे में प्रदेश के अंदर और प्रदेश के बाहर धारणा क्या है 2017 के पहले, 2017 के बाद। पांडे जी आप भी देश के अंदर और दुनिया के अंदर जाते होंगे, 2017 के पहले यूपी के बारे में लोगों की धारणा बहुत अच्छी नहीं थी, हमें भी अच्छा नहीं लगता था। आज इस पक्ष के लोग या उस पक्ष के लोग कोई भी बाहर जाता होगा, अगर राजनीतिक नहीं सामान्य प्रोग्राम में भी आप जाते होंगे तो आम लोगों के मुंह से बात अवश्य सुनते होंगे कि हां सुरक्षा के माहौल है, बेहतरीन माहौल है हर व्यक्ति को इस बात का एहसास होता है। देश के अंदर कहीं भी जाते होंगे तो इस बात का एहसाल जरूर होता होगा कि यूपी सुरक्षित है, दंगा नहीं है अराजकता नहीं है।

## बैतूल में पलटी पिकअप, 31 घायल

**बैतूल।** मध्यप्रदेश के बैतूल जिलांतर्गत आने वाले खेड़ली बाजारङ्कबोरदेही मार्ग पर ग्राम टूरा बोरगांव के पास घाट क्षेत्र में एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में वाहन में सवार 31 ग्रामीण घायल हो गए। सभी लोग छिंदवाड़ा जिले के ग्राम सेमरिया से मुलताई में आयोजित दसवां कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे थे।

## केंद्र सरकार ने दिल्ली मेट्रो के लिए 12015 करोड़ रु. आवंटित किए

### कनेक्टिविटी और कमर्शियल हब को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) की लाइफलाइन कही जाने वाली दिल्ली मेट्रो के विस्तार को लेकर केंद्र सरकार ने आज एक बड़ा और अहम फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 'दिल्ली मेट्रो फेज-5 (A)' के विस्तार प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है।

### 400 किलोमीटर का आंकड़ा पार करेगा नेटवर्क

इस मंजूरी के साथ ही दिल्ली मेट्रो दुनिया के सबसे बड़े शहरी रेल नेटवर्क में अपनी स्थिति और मजबूत करने जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, अगले तीन वर्षों में इन नए कॉरिडोर्स के पूरा होने पर दिल्ली मेट्रो का कुल परिचालन नेटवर्क 400 किलोमीटर के आंकड़े को पार कर जाएगा। यह एक बड़ी उपलब्धि होगी, जो दिल्ली मेट्रो को लंदन और न्यूयॉर्क जैसे शहरों की मेट्रो प्रणालियों के समकक्ष खड़ा करती है।

इस परियोजना के लिए ?12,015 करोड़ के भारी-भरकम बजट को हरी झंडी दिखाई गई है, जो दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा। इस विस्तार का मुख्य उद्देश्य 'लास्ट-माइल कनेक्टिविटी' को मजबूत करना और शहर के सबसे व्यस्त मार्गों पर भीड़भाड़ को कम करना है।

# खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

## एचडीएफसी बैंक ने सालाना सीएसआर रिपोर्ट का पहला संस्करण किया जारी

### वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1,068 करोड़ रुपए का सीएसआर के तहत किए खर्च

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर बैंक, एचडीएफसी बैंक ने आज अपनी पहली स्टैंडअलोन सालाना सीएसआर रिपोर्ट जारी करने की घोषणा की, जिसमें बैंक के अंब्रेला प्रोग्राम, परिवर्तन के ज़रिए सामाजिक प्रभाव की एक दशक लंबे सफर को दिखाया गया है।

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहलों पर 1,068.03 करोड़ रुपए खर्च करने की रिपोर्ट पेश की है, जो पिछले साल की तुलना में लगभग 123 करोड़ रुपए ज़्यादा है। बैंक ने सीएसआर कार्यक्रमों में कुल मिलाकर, 31 मार्च, 2025 तक, 6,176 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

पिछले वित्तीय वर्ष में

परिवर्तन के 10 साल भी पूरे हुए, जिसके तहत एचडीएफसी बैंक ने 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में 10.56 करोड़ लोगों के जीवन को छुआ है। भारत सरकार द्वारा पहचाने गए 112 एस्पिरेशनल जिलों में से 102 में प्रोजेक्ट लागू किए गए हैं। बैंक ने अपनी ग्रामीण विकास पहलों के तहत 298 सीमावर्ती गांवों को भी कवर किया है।

शिक्षा को बढ़ावा: यह स्तंभ छात्रवृत्ति, बुनियादी ढांचे और डिजिटल लर्निंग के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को मज़बूत करता है। बैंक ने 29,000 से ज़्यादा छात्रवृत्तियां दी हैं, 2,600 से ज़्यादा स्मार्ट स्कूल स्थापित किए हैं, और 930 सामुदायिक पुस्तकालय बनाए हैं।

कौशल प्रशिक्षण और आजीविका में वृद्धि: बैंक युवाओं, महिलाओं और व्यक्तियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण और उद्यमिता सहायता प्रदान करता है, जिससे अब तक 7.2 लाख व्यक्तियों को स्थायी आजीविका सुरक्षित करने में मदद मिली है।

### परिवर्तन के रणनीतिक स्तंभ/मुख्य फोकस क्षेत्र

सीएसआर वार्षिक रिपोर्ट बैंक के छह मुख्य फोकस क्षेत्रों में किए गए काम के बारे में बताती है: ग्रामीण विकास: इस स्तंभ के माध्यम से, बैंक कृषि उत्पादकता बढ़ाता है, ग्रामीण बुनियादी ढांचा बनाता है, और स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता तक पहुंच में सुधार करता है। यह अब तक 14.92 लाख से ज़्यादा घरों तक पहुंच चुका है।

## रोहित शर्मा ने विजय हजारे ट्रॉफी के पहले मैच में जड़ा शतक

**नई दिल्ली।** मुंबई प्लेयर रोहित शर्मा ने विजय हजारे ट्रॉफी के पहले मैच में सिक्किम के खिलाफ 61 गेंदों में शतक जड़ा. पहले बल्लेबाजी करते हुए सिक्किम ने 236 रन बनाए थे. लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित ने अंगकृश रघुवंशी के साथ पहले विकेट के लिए 141 रनों की साझेदारी की. रघुवंशी 38 रन बनाकर आउट हुए। रोहित शर्मा ने शतकीय पारी में 8 छक्के और 9 चौके जड़े. जयपुर में खेले जा रहे मुंबई बनाम सिक्किम मुकाबले में रोहित शर्मा को देखने के लिए काफी भीड़ उमड़ी।

### विजय हजारे ट्रॉफी में रोहित शर्मा का शतक

सिक्किम के कप्तान ली योंग लेपचा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था. सिक्किम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई थी, अमित रजेरा दूसरे ही ओवर में बिना खाता खोले आउट हो गए थे. उन्हें तुषार देशपांडे ने अपना शिकार बनाया. इसके बाद सात्विक ओर आशीष थापा ने दूसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय (51) साझेदारी की. थापा ने 87 गेंदों में 79 रन बनाए, उन्हें शार्दुल ठाकुर ने आउट किया।

इसके बाद क्रांथी ने 34 और रॉबिन मानकुमार लिम्बो ने 31 रन बनाए. मुंबई के कप्तान शार्दुल ठाकुर ने सर्वाधिक 2 विकेट लिए, उन्होंने 6 ओवरों में 19 रन दिए. तुषार देशपांडे, तनुश कोटियन, शम्स मुलानी, मुशीर खान ने 1-1 विकेट चटकाया।

## आदित्य धर ने बिना नाम लिए ध्रुव राठी पर कसा तंज

**मुंबई।** आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' को दर्शक प्यार दे रहे हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। जहां कई लोग इस फिल्म की तारीफ कर रहे हैं, वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो इसकी आलोचना कर रहे हैं। वह इसे प्रोपेगेंडा फिल्म बता रहे हैं। इस पर आदित्य धर ने प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में यूट्यूबर ध्रुव राठी ने इस फिल्म को प्रोपेगेंडा फिल्म बताया था। माना जा रहा है कि आदित्य धर ने बिना नाम लिए ध्रुव राठी को जवाब दिया है। निर्देशक आदित्य धर ने फिल्म 'धुरंधर' को प्रोपेगेंडा बताए जाने पर इंस्टाग्राम स्टोरीज पर नोट शेयर किया, जिसमें लिखा है 'भारतीय सिनेमा में इतिहास फिर से लिखा जा रहा है। यह इतिहास ऐसे मर्दों और औरतों की तरफसे लिखा जा रहा है जिनके दिलों में आग है, जिनके अंदर अपने देश के लिए प्यार है।

## फिल्म 'बॉर्डर 2' के लिए अहान शेट्टी ने जमकर बहाया पसीना

**मुंबई।** फिल्म 'बॉर्डर 2' का टीजर रिलीज हो चुका है और इसके रिलीज के बाद से ही अहान शेट्टी चर्चा के केंद्र में हैं। फिल्म के टीजर से यह साफ है कि यह फिल्म सिर्फ एक सीक्वल नहीं, बल्कि एक नए दौर के एक्शन हीरो की दस्तक है। इसमें अहान शेट्टी की मौजूदगी पहली ही झलक में असर डालती है।

### अहान के ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर हो रही चर्चा

फिल्म के टीजर में उनकी लंबी कद-काठी, भारी आवाज और स्क्रीन पर ठहराव से वो दर्शकों को प्रभावित करते हुए नजर आ रहे हैं, हालांकि ये सिर्फ लुक्स का नतीजा नहीं है। 'बॉर्डर 2' के लिए अहान ने महीनों तक सख्त अनुशासन में खुद को ढाला। उन्होंने फंक्शनल स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, खेलों के जरिए स्टैमिना बढ़ाया और आधुनिक रिकवरी

तकनीकों को अपनाया। फिल्म में सैनिक का किरदार निभाने के लिए अहान ने कड़ी ट्रेनिंग का सहारा लिया है। फिल्म में अपने किरदार पर बात करते हुए टीजर लॉन्च के दौरान अहान ने कहा, 'सेना की वर्दी पहनना सिर्फ एक रोल नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है।' उनके लिए 'बॉर्डर 2' किसी करियर माइलस्टोन से ज्यादा, उन असली सैनिकों को सलाम है जो देश के लिए यह वर्दी पहनते हैं। अहान की फिल्म के टीजर में दमदार स्क्रीन प्रेजेंस ने न सिर्फ दर्शकों का ध्यान खींचा है, बल्कि यह साफकर दिया है कि बॉलीवुड की एक्शन थ्रिलर के नए सुपरस्टार अब आ चुके हैं।

## न्यूज गैलरी

### बाल विवाह के विरुद्ध छात्राओं को किया जागरूक

**दतिया/नवप्रदेश।** कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखडे के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अरबिंद उपाध्याय के मार्गदर्शन में विगत दिवस बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शहर के शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, हाथीखाना में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया। महिला एवं बाल विकास विभाग के बाल संरक्षण अधिकारी श्री धीरसिंह कुशवाहा ने कहा कि कम उम्र में विवाह न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह बालिकाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा के अधिकार का भी हनन करता है। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला मास्टर ट्रेनर्स डॉ. अजय रावत ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की बारीकियों को समझाते हुए कहा कि ड़ानून के अंतर्गत निर्धारित आयु विवाह के लिए लड़की की 18 वर्ष और लड़के की 21 वर्ष होना अनिवार्य है। इससे कम उम्र में किया गया विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि इस अधिनियम के तहत बाल विवाह कराने वाले माता-पिता, विवाह संपन्न कराने वाले पंडित/काजी और इसमें शामिल अन्य वयस्कों को 2 साल तक के कठोर कारावास और 1 लाख रुपये तक के जुर्माने से दंडित किया जा सकता है। कार्यक्रम में बताया गया कि यदि किसी बच्चे का विवाह जबरन कम उम्र में कर दिया जाता है, तो बालिग होने पर वह बच्चा उस विवाह को 2 वर्ष में भीतर शून्य घोषित करवा सकता है। ब्लॉक मास्टर ट्रेनर श्री ऋषिराज मिश्रा ने छात्राओं को सचेत किया कि बाल विवाह को बड़ावा देना या उसमें शामिल होना एक गैर-जमानती और संज्ञेय अपराध है। कानून आपकी सुरक्षा के लिए है। बाल विवाह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह आपकी सेहत और सपनों के साथ भी खिलवाड़ है। अधिनियम 2006 आपको अधिकार देता है कि आप 18 वर्ष से कम आयु में हो रहे बाल विवाह का विरोध करें। धरती संस्था से आए श्री श्रीराम चतुर्वेदी ने सामाजिक स्तर पर इस कुप्रथा को रोकने में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य श्री महेश कुमार शुक्ला ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और छात्राओं को शपथ दिलाई कि वे अपने आसपास कहीं भी बाल विवाह होते देखें तो उसकी सूचना तुरंत अधिकारियों को दें। कार्यक्रम के दौरान छात्रायें तथा विधालय का स्टॉफ उपस्थित रहा।

### कलेक्टर ने निर्माणाधीन जिम्नेशियम, क्रिकेट स्टेडियम एवं प्रस्तावित गीता भवन स्थल का किया निरीक्षण

**सीहोर/नवप्रदेश।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. द्वारा जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिये जिला मुख्यालय स्थित निर्माणाधीन जिम्नेशियम, स्वीमिंगपूल एवं क्रिकेट स्टेडियम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्य की गुणवत्ता, समय-सीमा एवं आवश्यक सुविधाओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली तथा निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही कलेक्टर ने जिला मुख्यालय में प्रस्तावित गीता भवन के निर्माण हेतु चिन्हित भूमि का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्थल की उपलब्धता, पहुंच मार्ग एवं आवश्यक बुनियादी सुविधाओं पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि खेल एवं सांस्कृतिक अधोसंरचना के विकास से जिले के युवाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे तथा सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार श्री अमित सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### टाउन हॉल में संचालित शासकीय पुस्तकालय का निरीक्षण

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने टाउन हॉल में संचालित शासकीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों, अध्ययन कक्ष, बैठने की व्यवस्था एवं पाठकों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने पुस्तकालय की स्वच्छता, व्यवस्था एवं संचालन की स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने पुस्तकालय में आए विद्यार्थियों से चर्चा भी की। कलेक्टर ने संबंधितों को निर्देशित किया कि पुस्तकालय में अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण बनाए रखा जाए तथा विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके, इसके लिए आवश्यक बेहतर रहें। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का

# सुशासन सप्ताह के अंतर्गत सभी विभाग अपनी उत्कृष्ट गतिविधियां पोर्टल पर अपलोड करें - कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी

**कमिश्नर ने संभागीय समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की**

**नर्मदापुरम/नवप्रदेश।** नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सुशासन सप्ताह के अंतर्गत अपनी विभागीय उत्कृष्ट गतिविधियां पोर्टल पर अपलोड करें। कमिश्नर ने कहा कि 25 दिसंबर तक सभी विभाग अपनी उत्कृष्ट गतिविधियां अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड करेंगे। कमिश्नर श्री तिवारी ने बताया कि 25 दिसंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ग्वालियर में अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिट के तहत करोड़ों के औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन करेंगे। नर्मदापुरम जिले की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का भी भूमि पूजन इस दौरान किया जाएगा। प्रदेश के हर संभाग में मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। कमिश्नर श्री तिवारी ने 17 अक्टूबर से प्रारंभ हुई दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण की अदयतन स्थिति की समीक्षा की। बताया गया कि अभियान 30 दिसंबर तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत ऐसे पशुपालक जिनके पास 5 से 9 पशु होंगे उनसे संपर्क कर उन्हें पशु स्वास्थ्य एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए जागरूक किया जाएगा। सभी पशुपालकों को उन्नत नस्ल के दुधारू पशु की देखरेख करने एवं दुग्ध उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत लगभग 14 सौ पशुपालकों से संपर्क किया जाएगा। बताया गया कि सभी पशुपालकों की सूची बनाई गई है , जिनसे सतत संवाद किया जाएगा। इस दौरान पशुपालकों की वीडियो बाइट भी बना कर अन्य लोगों को दुग्ध उत्पादन लेने के लिए प्रेरित

किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत कमजोर नस्ल के पशुओं की नस्ल सुधार के लिए भी सभी आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। साथ ही इस अभियान के अंतर्गत पशु पालको को दुग्ध उत्पादन से आय बढ़ाने के तरीके भी बताए जाएंगे। कमिश्नर श्री तिवारी ने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए अधिक्षण यंत्री पीएचई को निर्देश दिए कि जिन नल जल योजना का कार्य पूर्ण हो चुका है उसका 90 दिन का ट्रायल करके 90 दिन पश्चात नल जल योजना को ग्राम पंचायत को हैंडोवर कर दिया जाए, साथ ही जिन नल जल योजना का 90 दिन का ट्रायल आगामी दिनों में पूरा होना है उसकी भी सूची बनाकर ट्रायल के पश्चात उन सभी को ग्राम पंचायत को हैंडोवर कर सर्टिफिकेशन किया जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने अधीनस्थ ब्लॉक एवं तहसील कार्यालयों मे शत प्रतिशत कार्य ई ऑफिस सिस्टम के तहत कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी संभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने अधीनस्थ परिक्षाधीन अवधि पूर्ण करने वाले कर्मचारियों के इंक्रीमेंट एवं 20 से 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को समय मान वेतनमान देना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने राजस्व संग्रहण करने वाले विभाग खनिज विभाग, नगरी निकायों, जिला परिवहन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आबकारी विभाग, जिला स्टांप व पंजीयन विभाग इत्यादि को अपने सभी राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को इसी वित्तीय वर्ष में पूरा करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने नहरो पर हो रहे अतिक्रमण, जल संसाधन विभाग के शासकीय आवास पर अनाधिकृत रहने वाले व्यक्तियों को बेदखल करने, नहर का पानी टेल क्षेत्र तक पहुंचाने, स्व सहायता समूह को प्रतिमाह मध्यान भोजन का पेमेंट करने, मेढा पानी आंगनबाड़ी केंद्र में प्रतिदिन बच्चों को नाश्ता देने, सापना नहर जिसे जगह-जगह से डैमेज किया गया है उसकी मरम्मत करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने बैठक में जनजाति कार्य विभाग के 10, आबकारी विभाग के चार, खनिज विभाग के सात, विद्युत विभाग के दो, कृषि विभाग के सात, महिला एवं बाल विकास विभाग के पांच, खाद्य विभाग के चार, लोक निर्माण विभाग के 25, जिला परिवहन विभाग के 19, उघानिकी विभाग के दो, आर ई एस के पांच, जल संसाधन विभाग के 19, उच्च शिक्षा विभाग के दो, नगरी प्रशासन के 54, एमपी आरडीसी के दो, एमपी आरआरडीए के दो लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। संभागीय समय सीमा की बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री जी सी दोहर, डिप्टी कलेक्टर श्री बृजेंद्र रावत, संयुक्त संचालक महिला व बाल विकास श्रीमती तृप्ति त्रिपाठी, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण श्री मनीष वर्मा सहित संबंधित संभागीय

# जनसुनवाई : कलेक्टर ने 99 आवेदनकर्ताओं की समस्या का किया समाधान

**राजस्व, श्रम, वित्त, अनुकंपा नियुक्ति जैसे अन्य आवेदनों पर हुई सुनवाई अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करनें के दिये निर्देश**

**नर्मदापुरम/नवप्रदेश।** जिला मुख्यालय पर आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ परीक्षण कर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदनो का समाधान किया। कलेक्टर सुश्री मीना ने प्राप्त आवेदनों पर तत्परता से विचार करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आए कुल 99 आवेदनों का समाधान किया गया। कलेक्टर ने आवेदनकर्ताओं की समस्या के समाधान के लिए समय-

सीमा निर्धारित करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्राथमिकता के आधार पर समस्त आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर के निर्देशानुसार श्रम विभाग ने श्रमिक को 30 हज़ार मजदूरी का भुगतान करवाया। जनसुनवाई में दीपक वर्मा द्वारा मजदूरी उपलब्ध करवाने के संबंध में दिये गए आवेदन पर सुनवाई करते कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार श्रम विभाग द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए आवेदक को संबंधित को मजदूरी का भुगतान करवाया गया।

**शासकीय मार्ग पर अतिक्रमण की समस्या का किया गया समाधान**

जनसुनवाई में ग्राम दहलवा, तहसील बनखेी निवासी कमल नागवंशी ने शिकायत की शासकीय मार्ग पर अतिक्रमण होने से किसानों को खेत पहुंचने में कठिनाई हो रही है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार बनखेी को निर्देशित किया कि मौके का मुआयना कर रास्ते का सीमांकन करें तथा अतिक्रमण हटाने की आवश्यक कार्यवाही करें।

**सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाने के तहसीलदार को निर्देश**

रामवती बाई, भगवती बाई एवं वार्ड-वासियों द्वारा झंड्डा चौक स्थित परिक्रमावासी-धर्मशाला के पास स्थित सार्वजनिक खुली भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर लेने की समस्या का निराकरण करने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने तहसीलदार नर्मदापुरम को उक्त स्थल का निरीक्षण कर अवैध अतिक्रमण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नर्मदापुरम निवासी भारती कनोजिया ने उनके स्वर्गवासी पति के स्थान पर चतुर्थ श्रेणी पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किये जाने के आवेदन का समाधान करते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी नर्मदापुरम को समस्या का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

# सुशासन सप्ताह अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**अधिकारियों ने विभागीय नवाचारों पर आधारित प्रस्तुतियों की जानकारी साझा की**

नर्मदापुरम - नर्मदापुरम जिले में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय स्थित रेवा सभा कक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में सुशासन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर आधारित विभागीय नवाचारों की जानकारी संबंधित विभागों द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ श्री हिमांशु जैन ने की। उन्होंने कहा कि सुशासन सप्ताह के अंतर्गत अपनाई गई ऐसी प्रथाएँ, जिनसे नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलता है, उन्हें निरंतर जारी रखा जाना चाहिए। साथ ही शासन की योजनाओं का प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए नवाचारों के माध्यम से नागरिकों को अधिकतम लाभ पहुंचाने के प्रयास किए जाने चाहिए। सीईओ श्री जैन ने अधिकारियों ने कहा की विभागों के पास उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण उपयोग करते हुए तकनीकी ज्ञान को नवाचारों से जोड़कर सेवा प्रदायगी को और सुदृढ़ किया जाए।

कार्यशाला के दौरान जिला शिक्षा केंद्र द्वारा किए गए नवाचारों की जानकारी देते हुए डीपीसी श्री राजेश जायसवाल ने बताया कि ÷सीटी बजाओ, बच्चे बुलाओ÷ अभियान को प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड प्राप्त हुआ है। शिक्षा विभाग द्वारा ÷चमक अभियान÷ के माध्यम से परीक्षा परिणामों में सुधार हेतु किए गए प्रयासों से जिले में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा रहावीर योजना की प्रक्रिया एवं योजना अंतर्गत प्राप्त पुरस्कारों की जानकारी दी गई। वहीं उपायुक्त सहकारिता द्वारा सहकारी संस्थाओं की सुलभ स्थापना, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ई-लाइब्रेरी की स्थापना, पशुपालन विभाग द्वारा एंटी-रेबीज अभियान तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा लोकपथ ऐप सहित अन्य विभागों द्वारा किए गए नवाचारों की जानकारी साझा की गई।

## खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने मनाया राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

**बैतूल/नवप्रदेश।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा 24 दिसंबर 2025 को जनजातीय सामुदायिक मंगल भवन बैतूल में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री संदीप पाटिल ने बताया कि भोजन हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और भोजन के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हम प्रतिदिन जिन खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं , उनमें कई बार मिलावट पाई जाती है। सुबह की दिनचर्या में उपयोग होने वाले दूध में पानी की मिलावट, पनीर, मिठाई एवं अन्य खाद्य पदार्थों में विभिन्न प्रकार की मिलावट आम समस्या बनती जा रही है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि यदि कहीं भी खाद्य पदार्थों में मिलावट दिखाई दे, तो इसकी तुरंत जानकारी विभाग को दें। साथ ही उन्होंने बताया कि उपभोक्ता fssai.gov.in वेबसाइट पर जाकर भी मिलावट से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री केके टेकाम ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस एवं 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है, ताकि उपभोक्ताओं के साथ किसी भी प्रकार की ठगी या धोखाधड़ी न हो। उन्होंने कहा कि ÷जागो ग्राहक जागो÷अभियान के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी यह संदेश दिया गया कि उपभोक्ता यदि जागरूक रहेगा तो कोई भी व्यापारी या व्यक्ति उसे ठग नहीं सकता। सरकार की मंशा है कि उपभोक्ताओं को उनकी पसंद की वस्तु सही गुणवत्ता और उचित मूल्य पर प्राप्त हो। उन्होंने बताया कि प्रत्येक उपभोक्ता को चुनने का अधिकार, चयन करने का अधिकार और जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है। यदि उपभोक्ता अपने इन अधिकारों का सही तरीके से उपयोग करेगा तो उसके साथ कोई भी धोखाधड़ी नहीं हो सकती। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि यदि कहीं भी ठगी, मिलावट या किसी प्रकार की समस्या महसूस हो तो इसकी जानकारी तुरंत संबंधित विभाग को दें। विभाग द्वारा तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि किसी भी स्थान से सामान खरीदते समय बिल अवश्य लें तथा आवश्यकता पड़ने पर उपभोक्ता फोरम में शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं। इस अवसर पर संजय शुक्ला, ठाकुर जगदीश राघव, अशोक रघुवंशी,

# मध्यप्रदेश पुलिस की सायबरअपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

## विगत10 दिनों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में कई बड़े सायबर अपराधों का खुलासा

**भोपाल/नवप्रदेश।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा सायबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्वालियर में सायबर क्राइम विंग द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए म्यूल बैंक खातों की खरीदङ्कफरोख्त करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। इसके साथ ही नीमच, छिंदवाड़ा, बैतूल सहित अन्य जिलों में भी मनीलॉड्रिंग, खाते खरीदकर ठगी, %डिजिटल अरेस्ट, करंट अकाउंट खुलवाकर ठगी जैसे सायबर अपराधों पर भी प्रभावी कार्रवाई की है।

### ग्वालियर : म्यूल अकाउंट नेटवर्क का खुलासा

ग्वालियर सायबर क्राइम विंग ने सायबरफ्रॉड के लिए म्यूल बैंक खाते खरीदनेङ्कबेचने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मास्टरमाइंड सहित कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में एक एमपी ऑनलाइन कियोस्क संचालक की संलिप्तता भी सामने आई है।

मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि नया बाजार क्षेत्र में म्यूल खाते सायबरफ्रॉड के लिए खोले जा रहे हैं। सूचना की तस्दीक के उपरांत सायबर क्राइम विंग ने तत्काल दबिश देकर बाबा महाकाल ऑनलाइन कियोस्क संचालक के यहां कार्रवाई की। जांच में पाया गया कि कियोस्क के माध्यम से खोले गए अधिकांश बैंक खाते देश के विभिन्न राज्यों में दर्ज सायबरफ्रॉड मामलों से जुड़े हुए हैं।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि सायबर ठगी की राशि को क्रिप्टो करेंसी (स्ष्ठञ्ज) में परिवर्तित कर नाइजीरिया एवं चीन तक भेजा जाता

था। आरोपियों के मोबाइल चैट्स में अंतरराष्ट्रीय सायबर अपराधियों से संपर्क के प्रमाण मिले हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि सैकड़ों म्यूल खाते इस नेटवर्क के माध्यम से सायबरफ्रॉड में उपयोग किए गए हैं।मौके से पुलिस ने 84 एटीएम कार्ड, 09 मोबाइल फोनजब्त किए हैं।

### नीमच: 7 मिनट में बचाए बुजुर्ग दंपत्ति के 60 लाख रुपये

नीमच साइबर सेल ने तत्परता दिखाते हुए %डिजिटल अरेस्ट% का शिकार हुए एक बुजुर्ग दंपत्ति को मात्र 7 मिनट में रेस्क्यू किया। ठग खुद को दिल्ली पुलिस कमिश्नर बताकर मनीलॉन्ड्रिंग के नाम पर डरा रहे थे और 60 लाख रुपये ट्रांसफर करवाने ही वाले थे कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें बचा लिया।

देवास पुलिस ने स्थानीय लोगों के खाते खरीदकर ठगी में इस्तेमाल करने वाले 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया। मात्र 3 महीने में 78 बैंक खातों के जरिए करीब 7.5 करोड़ रुपये का संदिग्ध लेन-देन पकड़ा गया। ये आरोपी भी डिजिटल करेंसी में राशि परिवर्तित करते थे। बैतूल पुलिस ने फर्जी फर्मों के नाम पर करंट अकाउंट खुलवाकर सट्टा और ठगी का पैसा एक अकांउट से दूसरे अकांउट में पहुंचाने वाले नेटवर्क को तोड़ा। जांच में एक ही खाते से 7 महीने में 10 करोड़ से अधिक का ट्रांजैक्शन पाया गया। पुलिस ने अब तक 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें फर्जी सिमसप्लायर भी शामिल हैं।

### छिंदवाड़ा: एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

एटीएम कार्ड बदलकर बुजुर्गों के खाते से पैसे निकालने वाले एक शातिर अपराधी को देहात पुलिस ने पकड़ा।

उज्जैन: ऑपरेशन FAST% के तहत महाकाल पुलिस ने फर्जी सिम सप्लाई करने वाले 10 हजार के इनामी आरोपी उबेद कुरैशी को गिरफ्तार किया। मध्यप्रदेश पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी व्यक्ति को अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड, ओटीपी, चेकबुक या सिम कार्ड का उपयोग नहीं करने दें। कमीशन के लालच में खाता उपलब्ध कराना स्वयं एक गंभीर अपराध है, जिसमें खाताधारक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 402 , कौशल्या विहार , नेपियर टाउन , 482001 से प्रकाशित, मो. 6262188999 ( न्याय क्षेत्र जबलपुर ) ।